हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 28 जून 2025



## विधि-विधान से पूजा-अर्चना



शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी रथयात्रा का कई स्थानों पर स्वागत किया गया। भक्तों ने रास्ते में भी भगवान का पूजा-अर्चना कर पुण्य लाभ कमाया। शाम के समय रथयात्रा वापस प्रभात नगर पहुंची। यहां भगवान जगन्नाथ की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। मंदिर प्रांगण में भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसादी ग्रहण किया। शहर सहित जिले में रथयात्रा के अवसर पर श्रद्धा-भक्ति का माहौल रहा। इस शुभ दिन में कई लोगों ने शुभ कार्य भी किए।



# रथ में सवार होकर नाथ ने किया शहर भ्रमण, दर्शन पाकर झूम उठे भक्त

## बाजे-गाजे और भजनों की गूंज से श्रद्धा भक्ति का माहौल, जगह-जगह रथयात्रा का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में भव्य रूप से भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई। बाजे-गाजे के साथ ही भजन मंडलियों की प्रस्तुति और जयकारों से श्रद्धा भक्ति का माहौल रहा। पूरे यात्रा के दौरान जहां भक्त रथ खींचने जुटे रहे। वहीं कई भक्त भक्ति में थिरकते रहे।

शुक्रवार को दोपहर के समय गांधी चौक स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। मंदिर में सुबह के समय भगवान जगन्नाथ, बडे भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा का विशेष श्रृंगार व पूजन किया गया। वहीं भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल होकर प्रसादी ग्रहण किए।

### प्रभात नगर से निकली यात्रा

इधर शहर के प्रभात नगर स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर से भगवान की भव्य रथयात्रा निकाली गई। रथयात्रा के लिए आकर्षक रथ तैयार किया गया था। यहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा को प्रारंभ किया गया। बाजे-गाजे के साथ निकली इस रथयात्रा में बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही। इस दौरान भक्त श्रद्धा-भक्ति के साथ भगवान का रथ खींचने जुटे रहे। वहीं बड़ी संख्या में भक्त भक्ति में पूरी यात्रा के दौरान थिरकते रहे।



### भक्तों ने खींचा रथ

दोपहर के समय मंदिर के सामने रथ में भगवान को विराजित कराया गया। विधि-विधान से पूजा-अर्चना के पश्चात रथयात्रा शुरू की गई। बाजे-गाजे और भजन मंडिलयों द्वारा सुमधुर भजन प्रस्तुति किया गया। बड़ी संख्या में भक्तों के बीच भगवान का रथ रस्सी के सहारे खींचने की होड़ रही। शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी इस रथयात्रा का कई स्थानों पर लोगों ने पूजा-अर्चना कर मंगल कामना की। रथयात्रा शहर के जूनीहटरी स्थित श्रीराम जानकी मंदिर पहुंची, जहां पारंपरिक रूप से पूजा-अर्चना की गई। आषाढ़ शुक्ल एकादशी तक भगवान इसी मंदिर में रहेंगे। इसी मंदिर के द्वार पर रथ रहेगा।



# महिला की नृशंस हत्या, पुलिस गांव में कैंप लगाकर कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लॉक के खैरबना में घनी आबादी के बीच बसे घर में विधवा महिला की हत्या बाद से पुलिस मौके पर कैंप लगाकर सरगर्मी से आरोपी की पतासाजी कर रही है।

दो मासूम बच्चों की मां और महज 25 साल की विधवा महिला की निर्ममता से हत्या के कारणों का पता लगाने हर एंगल से जांच में लगी हुई है। देर रात घटना की जानकारी मिलने के बाद एसपी लक्ष्य शर्मा भी मौके पर पहुंच गए थे, जिन्होंने अपराधी की जल्द गिरफ्तारी को लेकर पुलिस को दिशा-निर्देश दिया। जिसके बाद से पुलिस



टीम गांव में ही डटी हुई है।

गौरतलब है कि पति कीर्तन साहू की दो साल पहले मौत होने के बाद से मोहिनी साहू खैरबना में ही रह रही थी। अपने दोनों बच्चों के साथ मायके पद्मावतीपुर से गर्मी की छुट्टी बिताकर इसी सप्ताह खैरबना आई थी।

घटना दिनांक को दोनों बच्चे स्कूल गए थे। शाम पांच बजे के आसपास घर लौटे तो

⏩ शेष पेज 6 पर

### पति की मौत के दूसरे दिन आई थी गांव

गांव वालों के मुताबिक महिला काम से काम रखने वाली थी। तीन-चार साल पहले पति कीर्तन साहू के साथ कमाने-खाने गुजरात गई हुई थी। वहां से पीने-खाने की गंदी आदतों के चलते पति कीर्तन साहू भागकर वापस खैरबना आ गया। ज्यादा नशा और टीवी के कारण उसकी मौत के दूसरे दिन मोहिनी खैरबना आई। उसके बाद से पति की पुश्तैनी जमीन पर खेती-किसानी और मजदूरी करके दोनों बच्चों का पालन पोषण कर रही थी। सप्ताहभर पहले ही मायके से वापस लौटी थी। गांव वाले भी इस घटना से स्तब्ध है, क्योंकि मोहिनी का घर गांव के बीचो-बीच घनी आबादी के बीच है। कब, किसने आकर इस गंभीर वारदात को अंजाम दिया होगा, यही सोचकर डरे सहमे हुए हैं। हालांकि पुलिस घटना की बारीकी से हर एंगल से जांच कर रही है, लेकिन गांव वालों के मन में दहशत दिख रही है।









## खबर संक्षेप

### शाला परिसर में रोपे पौधे



**मुरमुंदा।** प्राथमिक शाला भरूहाटोला में प्रधानपाठक धनुषराम कंवर, शिक्षक संजीव चन्द्रवंशी की अगुवाई मे शाला परिसर में एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया गया। शाला परिसर में फलदार, छायादार एवं विभिन्न फूल के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर जमुना ठाकुर, फलिता साहू, अन्नपूर्णा साहू, तामिन साहू, सुनीता मंडावी, सोनिका साहू, पंचबती मंडावी, संगीता पटोती, बसंत पटोती, बिन्दा मंडावी आदि उपस्थित थे।

### ढाबा के प्रतिनिधि मिले सांसद से



**गंडई पंडरिया।** ग्राम पंचायत ढाबा के ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न मांगों और गांव के विकास को लेकर सांसद संतोष पांडे से मुलाकात की। इस दौरान ढाबा हाईस्कूल के उन्ननयन की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल ने सांसद संतोष पांडे से इस मांग को लेकर मुख्यमंत्री से भी मुलाकात कराने का आग्रह किया ताकि जुलाई में होने वाले मानसून सत्र के अनुपूरक बजट में प्रस्ताव को शामिल हो सके। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि हेमंतकुमार वर्मा, शाला समिति के अध्यक्ष बोधराज देवांगन, मिडिल स्कूल के अध्यक्ष मुकेश वर्मा, नीलम वर्मा, पुखराज धुर्वे, जितेंद्र धुर्वे, लेखन वर्मा, फागुन खुसरो, सीतलाल पटेल सहित अन्य उपस्थित थे।

### शीतला जुडवास पर निकली शोभायात्रा



**सड़क अतरिया।** चकनार में गुरूवार को शीतला तुडवास पर्व उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मां शीतला की पूजा अर्चना कर जयकारा लगाया गया। इस दौरान भव्य शोभायात्रा निकाला गया।शोभायात्रा शीतला मंदिर से शुरू होकर गांव के प्रमुख मार्गों से गुजरी। शोभायात्रा में सैकड़ों महिला पुरूष बाना, अखाड़ा एवं कलश के शामिल हुए। माता के आधा दर्जन से अधिक भक्त शरीर के विभिन्न हिस्सो में बाना लगाकर झूमते दिखे। अखाड़ा दल ने आकर्षक कला का प्रदर्शन किया।

### निजी स्कूलों में नहीं पहुंची किताबें

**पटेवा।** नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के बाद भी निजी स्कूलों में अब तक पुस्तके नहीं पहुंची है जिसके कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। जबकि पिछले सत्र 15 जून के पहले पुस्तकें पहुंच गई थी। पुस्तकों के उपलब्ध नहीं होने से पढ़ाई अब तक ठीक से शुरू नहीं हो पाई है। पालको एवं शाला प्रबंधन में भेदभाव करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पुस्तकें कब तक मिलेगी इसकी जानकारी भी नहीं है। पालको एवं शाला प्रबंधन ने शीघ्र पुस्तकें उपलब्ध कराने की मांग शासन से की है।

### अफसरों के तबादले से हड़कंप

**डोंगरगढ़।** विभिन्न विभागों में तबादले होने के बाद प्रशासनिक अमला दहशतत में आ गया है। विभागीय अधिकारी स्थानांतरण आदेश मिलने के बाद भाजपा नेताओं के चक्कर लगाते नजर आ रहे हैं। हाल ही में एसडीएम मनोज मरकाम, तहसीलदार मुकेश ठाकुर, नायब तहसीलदार कमल किशोर साहू, जनपद सीईओ आलोक सतपुडे, पीडब्ल्युडी केके सिंग के बाद बीएमओ बीपी एक्का, थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार वर्मा का तबादला है। वर्तमान प्रशासनिक सर्जरी के बाद नगर पालिका, विद्युत मंडल, सिंचाई विभाग, जनपद, वन विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के स्थानांतरण की सुगबुगाहट है।

### गोंदिया में परिचय सम्मेलन आज से

**डोंगरगढ़।** गोंदिया में कल 28 एवं 29 जून को सकल मारवाड़ी समाज के युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस आयोजन में डोंगरगढ़ के लोग भाग लेंगे। यकल मारवाड़ी समाज के पदाधिकारियों ने गत दिनों अग्रसेन भवन में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक रखा था।



बैठक में परिचय सम्मेलन में शामिल होने और सहयोग देने का आव्हान किया गया। बैठक में गोंदिया के पुरुषोत्तम, ओमप्रकाश मोदी, नरेश बंग, जयंत अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, तन्मय अग्रवाल, अमन अग्रवाल के अलावा लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, सिद्ध गोपाल नरेड़ी, मनोज अग्रवाल, मनोज भंडारी, अनिल गट्टानी, अनिल शर्मा, वीरेंद्र अग्रवाल ने विचार रखें। सभी ने परिचय सम्मेलन को सफल बनाने का आश्वासन दिया। बैठक का संचालन महेंद्र अग्रवाल ने किया। इस दौरान मधुसूदन नरेडी, प्रकाश नरेड़ी, संजीव वशिष्ट, जगन्नाथ अग्रवाल, छेदुलाल अग्रवाल, मनोज दम्माणी, पारस चौरडिया, नितिन पचेरीवाला, गणेश नरेड़ी, चेतन अग्रवाल, मनीष दरगड, कैलाश गोयल, पूनम बिंदल, नवदीप अग्रवाल, अजय बिंदल, संतोष चोपड़ा, आनंद अग्रवाल, अशोक पुरोहित सहित अन्य शामिल हुए।

### असामाजिक तत्व कहने पर जताया आक्रोश

**डोंगरगढ़।** वार्ड नौ के एक घर के सामने मूर्ति स्थापना को लेकर विवाद गहरा गया है। बौद्ध समाज के लोगों ने मूर्ति स्थापना करने वाले वाले को असामाजिक तत्व कहने पर आक्रोश जताते हुए कार्रवाई की मांग की है। मिलन टेंबुरकर, जय किशोर अंबादे के नेतृत्व में लोग थाना शिकायत करने पहुंचे।



लोगों ने बताया कि भीम नगर में मूर्ति निर्माण शाम को किया गया। इसकी पूर्व सूचना नगर पालिका को दी गई थी। जून में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के साथ सामाजिक जनों ने मूर्ति का अनावरण किया था। अब इस मामले को साहू समाज एवं बौद्ध समाज के बीच का बनाने की कोशिश कर रहे हैं। सामाजिकजनों ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों पर असामाजिक तत्व होने का आरोप लगाते हुए खबर प्रकाशित करवा कर लोगों के सम्मान के साथ खिलवाड़ करते हुए उन्हें अपमानित करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने बताया कि आवेदक के घर की बाउंड्री से मूर्ति की दूरी 13 फीट एवं प्रवेश द्वार से नौ फिट है। सामाजिकजनों को आसामाजिक तत्व कहने वालों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

---

### स्टॉफ की कमी से कामकाज प्रभावित

# नाम का बढ़ा दर्जा, व्यवस्था आज भी उप तहसील से बदत्तर

## काम नहीं होने से अंचल के लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई को अनुभाग का दर्जा मिले 8 साल हो चुके हैं, लेकिन यहां की प्रशासनिक व्यवस्था आज भी उप तहसील से भी बदतर है। आठ साल पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने अनुभाग की घोषणा किया था। यहां आज में सुविधा और स्टाफ की कमी बनी है, जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है।

गंडई में एसडीएम की पदस्थापना तो हुई है, लेकिन उनका कार्य दिवस तीन दिन गंडई और तीन दिन छुईखदान निर्धारित है। उच्च कार्यालयों में होने वाली बैठकों और अन्य कार्यों के कारण एसडीएम निर्धारित दिनों में भी पूरा समय नहीं दे पाते। स्थानीय लोगों का कहना है कि गंडई को केवल नाम का अनुभाग का दर्जा मिला है, जबकि इसका पूरा फायदा छुईखदान को मिल रहा है। छुईखदान में एसडीएम की उपस्थिति लगभग पूर्ण रूप से रहती है।




#### स्टॉफ की कमी

गंडई को तहसील का भी दर्जा प्राप्त है।यहां तहसीलदार भी पदस्थ हैं, लेकिन अन्य स्टाफ की कमी के कारण स्थिति उप तहसील से भी बदतर है। प्रतिदिन दर्जनों लोग विभिन्न कार्यों के लिए यहां पहुंचते हैं, लेकिन स्टाफ की कमी के कारण उन्हें हफ्तों इंतजार करना पड़ता है। व्यापारीअनिल जैन ने बताया कि उन्हें जमीन की रजिस्ट्री के लिए 17 दिनों से तहसील कार्यालय के चक्कर काटने पड़ रहा है। उन्होंने तहसीलदार को 8 दिन पहले आवेदन दिया था। अब उनकी दोबारा मुलाकात नहीं हो पाई है।

#### घटिया निर्माण का शिकार तहसील भवन

गंडई में नया तहसील कार्यालय भवन बनाया गया है। यहां एसडीएम और तहसील कार्यालय संचालित होता हैद्ध भवन का निर्माण निम्न स्तर का है।निर्माण अवधि से इसमें खामियां देखी जा रही हैं। वर्तमान में दीवारों में दरारें आ चुकी है। छत से पानी टपकने लगा है। स्थानीय लोगों ने जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग किया है।

#### आवास की कमी से अव्यवस्था

एसडीएम और तहसीलदार सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए गंडई में आवास सुविधा नहीं है। जिसके चलते अधिकारी-कर्मचारी अन्य स्थानों पर रहकर सेवा देने आते हैं। अधिकारियों के मुख्यालय में उपलब्ध नहीं रहने से भी विभिन्न व्यवस्थाओं में बाधा आ रही है। आवास की सुविधा उपलब्ध करा दी जाए तो स्थानीय जनता को बेहतर सेवा मिल सकती है।

#### नकल शाखा 22 किमी दूर

गंडई को अनुभाग का दर्जा प्राप्त होने के बाद भी एसडीएम और तहसील कार्यालय में नकल शाखा नहीं है। अधिकारी-कर्मचारी और जनता को 22 किलोमीटर दूर छुईखदान जाना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों का अपव्यय होता है। भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने बताया कि जनता की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए एसडीएम कार्यालय एवं तहसील कार्यालय के पूर्ण सेटअप के लिए मंत्रियों के समक्ष बाते रखी जाएगी। अधिकारियों से पत्राचार किया जाएगा। कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष भिगेश यादव ने कहा कि वर्तमान सरकार किसान हितैषी नहीं है। सुशासन तिहार के नाम पर प्रोपोगंडा किया गया है जिसमें केवल अधिकारियों को बैठाने और नेताओ का फोटो खिंचवाने का काम हुआ है। अधिकारियों कर्मचारियों का ट्रांसफर कर जनता को परेशान किया जा रहा है। किसान मजदूर का काम समय पर नहीं होगा तो कांग्रेस उनके साथ रहेगी।

---

## पानी टंकी खरीदी की आड़ में लगाया चूना



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

गर्मी के दिनों में पानी की किल्लत को देखते हुए लाखों खर्च कर कई वार्डों में पानी टंकी लगाया गया था। बाजार में लगभग 25 से 27 हजार की कीमत पर मिलने वाली टंकी का 45 हजार तक भुगतान करने का मामला सामने आया था। मामला उजागर होने के बाद सीएमओ सीके शर्मा ने मामले की जांच कराने की बात कही थी। इस मामले हुई जांच की जानकारी किसी को नहीं है। वहीं अब पानी टंकी लगाने के बाद विद्युत कनेक्शन को लेकर अधिकारियों की लापरवाही सामने आई है। पालिका ने विद्युत मंडल विभाग की जानकारी के बिना ही कनेक्शन डायरेक्ट लाईन से जोड दिया है। कनेक्शन जोड़ने की जानकारी विद्युत विभाग को भी नही है। पानी टंकी लगाने वाले ठेकेदारो ने विद्युत विभाग को जानकारी दिये बिना कार्य संपादित कर दिया है। इस मामले में विद्युत मंडल के ईई एनके साहू ने जांच कराकर उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। सीएमओ शर्मा ने बताया कि पालिका ने ठेकेदार को विद्युत कनेक्शन के लिए एनओसी नहीं दिया है।

- मामला उजागर होने के बाद जांच नहीं, पानी सप्लाई के लिए लिया डायरेक्ट कनेक्शन

---

## मनरेगा कर्मियों को चार माह से नहीं मिला वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलकसा

छत्तीसगढ़ में कार्यरत 12 हजार से ज्यादा मनरेगा कर्मचारियों को चार माह माह से वेतन नही मिला है जिससे कर्मचारियों में रोष है। उल्लेखनीय है किमनरेगा कर्मचारियों के माध्यम से ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराया जाता है ताकि पलायन जैसी समस्या न हो। प्रधानमंत्री आवास योजना,स्वच्छ भारत मिशन, पीएम जनमन एवं अन्य योजनाओं का क्रियान्वयन भी मनरेगा कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। मनरेगा महासंघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी नरोत्तम सिंह कुंजाम ने बताया कि मनरेगा कर्मचारियों का चार माह से वेतन बकाया है। वेतन नहीं मिलने से रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो गया है। वर्तमान में स्कूल खुलने के बाद पालक बच्चों की फीस देने में असमर्थ नजर आ रहे है।

#### वेतनमान निर्धारित नहीं

जानकारी के अनुसार मनरेगा के तहत रोजगार सहायक भी है जो ग्राम पंचायत स्तर पर कार्य करते हैं। रोजगार सहायकों का अब तक वेतनमान निर्धारण नहीं हो पाया है। बीते 19 सालों से रोजगार सहायक अल्प मानदेय पर काम कर रहे है जबकि बीते सालों में मंहगाई काफी बढ़ गई है। अल्प मानदेय में रोजगार सहायक परिजनों का भरण पोषण कर रहे हैं।

## 25.14 लाख से अधिक बकाया 10 बकायादारों की दुकानें सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

लंबे समय से बकाया कर जमा नहीं करने वाले दुकानदारों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए नगर पंचायत प्रशासन ने दुकानों को सील कर दिया। यह कार्रवाई सीएमओ विनम्र जेमा के नेतृत्व में की गई। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत ने पूर्व में बकायादारों को नोटिस जारी कर बकाया कर चुकाने कहा था। निर्धारित समय में कर जमा नहीं करने पर सख्त कदम उठाया गया। नगर पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार व्यवसायिक परिसर के दुकानदार पुरूषोत्तम गुप्ता पर 386816, हमद खान पर 49089, शेख जसीम 61797, नूरी खान 138797, राजेश राजपूत 1318789, शेख नईम 496426 और साहिल मालेकर पर 63 हजार बकाया है। इन दुकानदारों से कुल 2514714 रूपए लेना है। सभी की दुकानों को शुक्रवार को सील कर दिया गया।नगर पंचायत अधिकारी ने अन्य दुकानदारों से प्रीमियम एवं नीलामी एवं दुकान किराया की राशि जमा करने कहा है। राशि जमा नहीं करने पर दुकानों को सील करने की कार्रवाई की जाएगी।



## अध्यक्ष ने रखी विभिन्न मांग

**छुरिया।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल में गत दिनों प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल शामिल हुए और उन्होंने बच्चों का स्वागत किया। इस दौरान शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा ने अतिथियों समक्ष विभिन्न मांग रखा।



## श्रीराम भक्त युवा समिति सम्मानित



**मुरमुंदा।** श्री राम भक्त युवा समित द्वारा सालों ने रक्तदान किया जा रहा है। समिति के योगदान को देखते हुए अटलबिहारी वाजपेय मेडिकल कॉलेज में गत दिनों आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। समिति ने जरुरतमंदों को ब्लड मुहैया कराने का संकल्प व्यक्त किया है।

## संतृप्ति शिविर से हितग्राहियों को मिला लाभ

**छुईखदान।** कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में धरती आबा जनभागीदारी अभियान के तहत छुईखदान विकासखंड के ग्राम दरबानटोला में आज संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर न केवल सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का माध्यम बना, बल्कि जनजातीय परिवारों के लिए उम्मीद की किरण साबित हुआ। शिविर में जनजातीय हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। आयुष्मान भारत योजना के तहत 8 लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा कार्ड बनाया गया। वहीं 7 लोगों को नया आधार कार्ड दिया गया। इसके अलावा 3 श्रमिकों को श्रम कार्ड और 3 महिलाओं को मातृत्व वंदना योजना का लाभ मिला। शिविर में कुल 28 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका मौके पर ही परीक्षण कर निराकरण किया गया। ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच के लिए शिविर में मौजूद चिकित्सकों द्वारा 8 लोगों की सिकलसेल, एनीमिया की जांच की।



#### योजनाओं की दी जानकारी

प्रचार रथ के माध्यम से जनजातीय समाज को योजनाओं की जानकारी दी गई। उन्हें योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया गया। शिविर में जनजातीय समाज के लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनके त्वरित समाधान से उनके चेहरे पर संतुष्टि नजर आई। इस अवसर पर सरपंच, पंच, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## शहर में निकली रथयात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शहर की प्राचीन परंम्परा के अनुसार शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ की शोभायात्रा निकली। स्थानीय महावीर प्रांगण से भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा एवं भाई बलभद्र के साथ सुसज्जित रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण के लिए निकले। बड़ी संख्या में श्रद्धालु हाथों से रथ खींचते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए। शहर के विभिन्न मार्गों में लोग भगवान के दर्शन की आस में खड़े नजर आए। लोगों ने श्रद्धा के साथ दर्शन कर पूजा अर्चना किया। शोभायात्रा महावीर मंदिर प्रांगण से निकल कर गोल बाजार, भगतसिंग चौक, बस स्टैण्ड, बुधवारी चौक, रेल्वे चौक, खंडूपारा, जयस्तंभ चौक, व्यापारी लाईन होते हुए वापस महावीर मंदिर पहुंची जहां यात्रा का समापन हुआ।

### जिला प्रशासन पहुंचा गांवों में

# शिविर में मिला ग्रामीणों को लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

धरती आबा उत्कर्ष जनभागीदारी अभियान के उद्देश्यों को पूरा करते हुए जनजाति वर्ग को शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ दिलाने के उद्देश्य से विकासखंड अंबागढ़ चौकी के 136 ग्राम में विभिन्न कलस्टर स्तरीय शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिसके तहत कलस्टर बिहरीकला में शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में 16 ग्राम के 710 ग्रामीणजन उपस्थित हुए। शिविर में 120 आधार कार्ड अपडेट, नया आधार कार्ड, 7 आयुषमान कार्ड, 6 सिकलसेल टेस्ट, 31 जाति प्रमाण पत्र, 39 निवास प्रमाण पत्र, 345 आय प्रमाण पत्र, 8 प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ मिला। धरती आबा शिविर के माध्यम से योजनाओं से वंचित व्यक्ति का आवेदन प्राप्त कर शिविर स्थल में ही लाभ प्रदान किया जा रहा है। योजनाओं का लाभ मिलने से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। इसी प्रकार विकासखंड मानपुर के कलस्टर कुम्हारी में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 8 ग्राम मांडरी, वाको, हथरा, कुम्हारी, डोकला, सरोली, सम्बलपुर, मिचगांव के 452 ग्रामीण शामिल हुए। शिविर में आधारकार्ड 78, आयुष्मान कार्ड 2, सिकलसेल टेस्ट 12, प्रधानमंत्री किसान न्याय योजना 9, किसान क्रेडिट कार्ड 3, विधवा, विकालांकग पेंशन 2, मातृ वंदन योजना 3, राशनकार्ड 32, एवं नरेगा जॉब कार्ड 2, जाति प्रमाण पत्र 2 से लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में जिपं सदस्य रेखा कोठारी, जनपद अध्यक्ष पुष्पा मंडावी, सरपंच गणेशियाबाई सोरी, कमला बाई गोटे, पुरणसिंह हडको, पंकज उसारे, तिलकबाई, प्रीतिबाई कोठारी आदि उपस्थित थे।



### श्री जगन्नाथ की निकली यात्रा

**सड़क अतरिया।** ग्राम में जगन्नाथ रथ यात्रा का पर्व धार्मिक एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने राधा कृष्ण मंदिर में पूजा अर्चना का आयोजन किया। परंपरा अनुसार पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ भगवान जगन्नाथ की यात्रा निकाली गई। जिसमें लोग भजन कीर्तन करते शामिल हुए। यात्रा राधा कृष्ण मंदिर से निकल कर यात्रा गांव का भ्रमण करते हुए वापस मंदिर पहुची। यहां अंकुरित चना मुंग का प्रसादी वितरण किया गया।



## खबर संक्षेप

### पीएम जनमन महाभियान से मिल रहा सपनों का घर

**छुईखदान।** विकासखंड अंतर्गत 18 ग्राम पंचायतों की 47 बसाहटों में प्रधानमंत्री जनमन महाभियान के तहत 2023-24 में 858 प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए हैं। इन 47 बसाहटो में रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा हितग्राहियों ने कभी सोचा नही था कि पक्के घर का सपना कभी पूरा होगा। अब वह अपना पक्का घर बनते देख रहे हैं। अब उनके लिए बांस का घर अब बीते दिनो की बात हो गई है। इस योजना की बदौलत वह संतुष्टि की भावना एवं आत्मसम्मान के साथ जी रहे हैं और सुरक्षित भविष्य की ओर कदम बढ़ा रहे है। प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूहो के लिए घर बनाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री जनमन अभियान के तहत कुल 858 बैगा हितग्राहियों के लिए प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किया गया था। अगस्त 2024 की स्थिति में केवल 10 आवास ही पूर्ण हुए थे। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन एवं जनपद सीईओ के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा, जनपद एवं ग्राम पंचायत की टीम द्वारा लगातार सभी बैगा बसाहटो का दौरा कर बैगा हितग्राहियों के साथ लगातार चर्चा कर उन्हें प्रोत्साहित कर आवासो को पूर्ण कराया जा रहा है। वर्तमान में 335 पीएम आवास पूर्ण हो गए है। आगामी सप्ताह मे लगभग 150 पीएम जनमन आवास और पूर्ण हो जाएंगे।



### 100 ग्राम गांजे के साथ महिला गिरफ्तार

**गंडई पंडरिया।** गंडई पुलिस ने देर रात मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए वार्ड 8 महरापारा निवासी मेहरून निशा को 100 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मेहरून निशा अपने घर में गांजा की पुड़ियां बनाकर बिक्री के लिए रखी है। सूचना की तस्दीक के बाद पुलिस टीम महरापारा पहुंची। पुलिस ने आरोपी मेहरून निशा के घर की तलाशी के दौरान आंगन में रखे एक सफेद रंग के थैले के अंदर से प्लास्टिक की पन्नियों में पैक 16 पैकेट गांजा बरामद किया। बरामद गांजे का वजन 105 ग्राम पाया। 26 जून को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। गंडई पुलिस ने एक युवक को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी प्रमोद पटेल निवासी चकनार भाठापारा पुलिया के पास लोगों को चाकू दिखाकर डरा-धमका रहा था। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार 26 जून को पुलिस को सूचना मिली कि भाठापारा पुलिया के पास प्रमोद पटेल लोगों को चाकू दिखाकर भयभीत कर रहा है। सूचना मिलते ही प्रधान आरक्षक नरेश ठाकुर टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे और घेराबंदी कर प्रमोद पटेल को पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक धारदार चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसके पास कोई वैध कागजात नहीं है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### इग्नाइट के बच्चे प्रयास, एनएमएमएसई में हुए चयनित

**खैरागढ़।** शासकीय आंगल पूर्व माध्यमिक शाला जिसे अब इग्नाइट स्कूल के नाम से जाना जाता है उसने एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता का प्रमाण दिया है। इस वर्ष कक्षा आठवीं के पांच छात्र-छात्राओं दिव्यांशी सिरमौर, रुद्राक्ष बहादुर सिंह, खुमेश देवांगन, थानेंद्र वर्मा और तनुश्री जोशी का चयन आवासीय प्रयास विद्यालय के लिए हुआ है। धनेश्वरी वर्मा का नाम प्रतीक्षा सूची में है। इसी प्रकार शैक्षणिक सत्र 24-25 में आयोजित राष्ट्रीय आय-सह-मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा में भी शाला ने शानदार प्रदर्शन किया है। परीक्षा में कक्षा आठवीं में अध्ययनरत दिव्यांशी सिरमौर, विद्या वर्मा, खुमेश देवांगन, धनेश्वरी वर्मा और थानेंद्र वर्मा का चयन हुआ है। प्रधानपाठिका स्नेहा देवांगन ने बताया कि 21 जून योग दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को योग अभ्यास कराया गया। इसके उपरांत चयनित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया तथा सभी को गणवेश और किताब दी गई। साथ ही प्रवेश उत्सव के दौरान नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर स्वागत व अभिनंदन साथ न्यौता भोज का भी आयोजन किया गया। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में उपस्थित एसएमसी अध्यक्ष संदीप सिरमौर, उपाध्यक्ष प्रदीप वर्मा, कामता प्रसाद वर्मा, प्रदीप बोरकर, विजय तोड़े, कुलदीप सिंह, ममता साहू, प्रमिला वर्मा और शाला स्टाफ के गणेशराम सिन्हा, बेनी माधव रामानंद सहित अन्य ने चयनित बच्चो को शुभकामना दीं है।

### युगांतर का 29वां स्थापना दिवस आज

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल का 29वां स्थापना दिवस समारोह कल 28 जून को सुबह 10 बजे आयोजित होगा। समारोह में विद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थी सम्मानित बिजनेसमैन अंकित बाफना, नवीन गोयल तथा मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. सुचिता गोयल को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर विद्यालय में दस वर्ष पूर्ण करने वाले शिक्षकों और कर्मचारियों का सम्मान भी होगा। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रभावकारी आयोजन रखा गया है। इसके अलावा ओल्ड सांग की मेलोडी अपनी मधुरिमा से सारे वातावरण को आल्हादित कर देंगे। शिक्षक-शिक्षिकाओं की सामुहिक गीत की प्रभावी प्रस्तुति होगी। विद्यालय प्रबंध समिति के चेयरमैन अजय सिंगी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, नरेंद्र कोटड़िया, प्राचार्य मधुसूदन नायर, हैड मिस्ट्रेस विनीता तिलवानी सहित युगांतर परिवार ने विद्यार्थियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते इस सत्र में भी श्रेष्ठ प्रदर्शन की शुभकामनाएं व्यक्त की है।

### आज विशेष कीर्तन समागम का आयोजन

**राजनांदगांव।** गुरुद्वारा साहिब के दसवें सृजना दिवस को समर्पित समूह सिक्ख संगत राजनांदगांव के सहयोग से गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा राजनांदगांव द्वारा कल 28 जून को गुरूद्वारा साहिब में विशेष कीर्तन समागम का आयोजन किया गया है। जिसमें सिक्ख संगत भाईयों-बहनों को अपने सुमधुर शबद कीर्तन के माध्यम से भक्ति भावना से जोड़ने पंथ के नामवर रागी जत्था भाई गुरविंदर सिंह रुद्रपुर वालों को आमंत्रित किया गया है। इसके साथ ही हजूरी जत्था भाई रीतिक सिंह, ग्रंथीजी भाई सतपाल सिंह तथा स्थानीय बहनों का जत्था भी शबद-कीर्तन के माध्यम से संगत को निहाल करेंगे। कल 28 जून मुख्य दीवान में सुबह 8 से दोपहर 1 बजे जारी रहने वाले इस कीर्तन समागम में रागी जत्थों द्वारा शबद कीर्तन तथा गुरबाणी गायन द्वारा उपस्थित संगत को भक्ति भाव से निहाल किया जाएगा। उपरांत गुरु का लंगर अतुट वितरित होगा। संध्या का दीवान भी रात्रि 7.15 से 9.30 बजे तक सजेगा। अरदास ,सुखासन, समाप्ति उपरांत चाय-नाश्ते का लंगर वितरित होगा।



## निधन

### मणिदेवी लोहिया



**राजनांदगांव।** नगर की विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं श्री सत्यनारायण मंदिर समिति, उदयाचल, अग्रवाल सभा से जुड़े पोहा व्यवसायी व भाजपा के पूर्व कोषाध्यक्ष विष्णुप्रसाद लोहिया की धर्मपत्नी श्रीमती मणिदेवी लोहिया का शुक्रवार सुबह 5 बजे 67 वर्ष की आयु में देहावसान हो गया। वो काफी समय से अस्वस्थ थी। उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनके ज्येष्ठ पुत्र योगेश लोहिया ने मुखाग्नि दी। वह अपने पीछे तीन पुत्र योगेश, नितेश एवं मुकेश सहित पोते-पोतियों सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए।

## भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा के साथ जयघोष के बीच निकले जगन्नाथ

# कांधे पर सवार महाप्रभु जगन्नाथ ने दिया सैकड़ों भक्तों को दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सैकड़ों साल पुरानी परंपरा अनुसार पांडादाह के जगन्नाथ मंदिर से महाप्रभु अपने भाई और बहन के साथ पुरोहित व समिति सदस्यों के कंधे पर सवार होकर निकले। इससे पहले बाजार चौक स्थित ठाकुर जुगल किशोर मंदिर से निशान यात्रा निकाली जो गाँव का भ्रमण कर जगन्नाथ मंदिर पहुंची जहाँ गर्भगृह में विराजित प्रतिमाओं की विशेष पूजा अर्चना, आरती बाद भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा सहित वहाँ विराजे अन्य देवी देवता भी भक्तो के कंधे पर जयघोष के बीच निकले।

मंदिर परिसर की पंच परिक्रमा बाद उन्हें वापस उसी स्थान पर विराजित किया गया जिसके बाद हजारों की संख्या में मौजूद भक्तो ने दर्शन लाभ साथ गजा मूंग का प्रसाद पाया। पूरे दिन महाप्रभु का दर्शन पाने पांडादाह मे भक्तों का रेला लगा रहा। वही मेले में भी हजारो की भींड़ उमड़ी।





### रथ खींचने मची रही होड़

शहर में राजफेमली वार्ड स्थित गैंद बिहारी मंदिर से षोडपोचार, हवन पूजन, पूजा अर्चना बाद विशेष अभिषेक और अंगवस्त्रों से सुशोभित प्रभु का रथ निकला जो राजफेमली से दंतेश्वरी मंदिर परिसर, ठाकुरपारा, बरेठपारा, ईतवारी बाजार, बक्शीमार्ग, गोलबाजार, अस्पताल चौक होते वापस मंदिर परिसर पहुँचा। इस दौरान भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के रथ को भक्तों ने रस्सों से खींच कर भ्रमण कराया। श्रद्धालुओं ने प्रभु का जगह-जगह स्वागत पूजन किया। शहर सहित ग्रामीण इलाकों से भी बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों ने जगन्नाथ महाप्रभु के दर्शन कर भीगे चने, मूंग व गुड़ से निर्मित गजा मूंग का प्रसाद ग्रहण किया। पूरी यात्रा के दौरान भक्तों में रथ खींचने जबर्दस्त उत्साह देखने को मिला।

### प्रदेश का पहला भगवान जगन्नाथ मंदिर पांडादाह में

रथ की जगह कांधे में बिठाकर मंदिर परिसर की परिक्रमा को लेकर पुराने जानकारों ने बताया कि कल्चुरी शासन काल की समाप्ति बाद 17 वीं सदी में भोंसले राज के दौरान राजनांदगॉव रियासत के राजा प्रहलाद दास के कार्यकाल में उड़ीसा से कंबल बेचने व्यापारियों का दल पहुंचा था जो पूरे दिन घूम घूमकर व्यवसाय करने के बाद एक जगह एकत्रित होकर देर रात तक भजन कीर्तन करते थे। इस बात की जानकारी होने पर राजा ने उन्हें महल बुलाया और परिवार देर रात तक भजन कीर्तन सुनने के बाद फरमान जारी किया कि कंबल बेचने वाले व्यापारी रियासत के अधीन आने वाले जिन जिन गांवों में रात्रि विश्राम करेंगे उन्हें वहॉ का मालगुजार नजराना भेंट करेंगे। उसी इकट्ठे पैसे से पांडादाह में प्रदेश का पहला जगन्नाथ मंदिर बना इस परंपरा के अनुसरण के वादे साथ कि भगवान मंदिर से बाहर कांधे पर सवार होकर ही निकलेंगे। किवदंती है कि अंगेजी शासनकाल के दौरान रियासत के गवर्नर ने महाप्रभु को रथ में भ्रमण कराने का आदेश पारित किया और आदेश के पालन बाद कुछ ही दिन में उनकी मौत हो गई तबसे लेकर आज तक महाप्रभु भक्तों को दर्शन देने कांधे पर सवार होकर निकलते है और मंदिर की पंच परिक्रमा कर वापस उसी स्थान पर विराजित हो जाते है।

### धूमधाम से निकली जगन्नाथ की रथ



**गंडई-पंडरिया।** गंडई में हर साल की तरह इस बार भी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा धूमधाम और भक्ति भाव के साथ निकाली गई। नगर में दो अलग-अलग स्थानों से रथ यात्रा निकाली गईं, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और रथ को हाथों से खींचते रहे। एक रथ यात्रा पंडरिया स्थित राधाकृष्ण मंदिर से शुरू हुई। यहां प्राचीन रथ को आकर्षक तरीके सजाया गया और भगवान जगन्नाथ को विराजमान कर नगर के विभिन्न हिस्सों में भ्रमण कराया गया। नगरवासियों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ भगवान जगन्नाथ के दर्शन किए। इस दौरान परंपरा के अनुसार भीगी दाल का प्रसाद वितरित किया गया। इसी प्रकार गंडई के स्थानीय मंदिर से भी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई। दोनों ही रथ यात्राओं में भक्तों का उत्साह चरम पर था और जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।

## बढ़ते अपराध पर विधायक प्रतिनिधि का फूटा गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में अपराध के बढ़ते ग्राफ को लेकर विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने सरकार और प्रशासन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जिला आज अपराध का गढ़ बन चुका है। दिनदहाड़े हत्या, लूट, बलात्कार, चोरी और महिलाओं से छेड़छाड़ की घटनाएं आम हो गई हैं लेकिन शासन-प्रशासन में बैठे जिम्मेदार लोग चुप्पी साधे हुए हैं।



मनराखन देवांगन ने कहा कि शासन की नाकामी के चलते आम नागरिक खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले में अवैध शराब का कारोबार चरम पर है। सरकार जानबूझकर युवाओं को नशे में धकेल रही है ताकि वे शिक्षा से वंचित रहें और सवाल पूछने की ताकत खो बैठे। छुईखदान में कांग्रेस ने 25 जून को धरना प्रदर्शन कर सरकार को घेरा था और एक दिन बाद 26 जून को खैरबना में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या ने जिले की कानून व्यवस्था की पोल खोल दी है। मृतका की पहचान 30 वर्षीय मोहनी साहू के रूप में हुई है जो दो बच्चों की मां थी।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि महिला की गर्दन और सिर पर किसी भारी वस्तु से वार किया गया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इस घटना को लेकर विधायक प्रतिनिधि ने एक बार फिर जिला पुलिस पर सवाल उठाते हुए कहा कि जिले में अपराध बेलगाम है और प्रशासन बेपरवाह। उन्होंने गृह मंत्री से इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि सरकार अपराध रोकने में पूरी तरह विफल हो चुकी है। उन्होंने कहा कि खैरागढ़ को सरकार ने शराब की गढ़ बना दिया है।

फल दुकानों में शराब बिक रही है। बाजार अतरिया, जालबांधा, पांडादाह, छुईखदान, उदयपुर जैसे गांवों में शराब की गंगा बह रही है। युवा पीढ़ी नशे के दलदल में फंस रही है और सरकार आंख मूंदे बैठी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार युवाओं को नशे में डुबोने का षडयंत्र रच रही है ताकि वे पढ़ाई से दूर हो जाएं क्योंकि शिक्षा सवाल करती है और शराब इंसान को मानसिक और शारीरिक रूप से कमजोर बनाती है। अपने बयान में उन्होंने कहा कि खैरागढ़ जिला तो बन गया लेकिन विकास नहीं हुआ, सिर्फ अपराध बढ़े हैं। प्रशासन सरकार की मानसिकता के अनुसार ही काम कर रहा है। अब समय आ गया है कि जनता इस साजिश को समझे और आवाज बुलंद करे।

## 68 साल बाद खुले आम लोगों के लिए मंदिर, हुई पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

रथ यात्रा पर्व को विशेष बनाने इंदिरा कला संगीत विवि के दरबार हॉल में सांगीतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। लगभग 68 साल की लंबी अवधि बाद आम लोगो के दर्शनार्थ खुले राधा कृष्ण मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना बाद दिन भर भक्तो का तांता लगा रहा। दरबार हॉल में पूरे दिन सांगीतिक कार्यक्रमो में गीत संगीत साथ शानदार भजनो की प्रस्तुति हुई जिसका दर्शनार्थियो ने आनंद लिया। गौरतलब है कि बीते महीने ही कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने सालो से आम लोगो के लिए बंद राधा कृष्ण मंदिर का पट खुलवाया और रथ यात्रा उत्सव के बहाने आम नागरिकों को विवि की कला, संस्कृति से जोड़ने पुराने दरबार हाल जो खैरागढ़ रियासत के राजाओं की तस्वीरों के साथ ही विभिन्न कलाकृतियों से सुसज्जित है वहां सामित संख्या में प्रवेश को देखते हुए सांगीतिक संध्या का लाइव प्रसारण ग्रन्थालय के माध्यम से किया गया जिसका आनंद दर्शनार्थियो ने लिया। दर्शनार्थियों के लिए संग्रहालय, ग्रन्थालय व राधा कृष्ण मंदिर को दिनभर के लिए खुला रखा गया।

### सालों से बंद दरबार हाल के मुख्य द्वार को भी खोला

रथयात्रा पर्व पर सालों से बंद दरबार हाल के मुख्य द्वार शेर गेट को खुलवाकर कुलपति ने आम लोगो को खैरागढ़ की विरासत को जानने व समझने का अवसर प्रदान किया। इसके साथ ही रथयात्रा पर्व पर दर्शकों के लिए भगवान राधा कृष्ण की मंदिर को भी दिनभर खुला रखा गया जिससे यहां पहुंचने वाले दर्शक भगवान राधा कृष्ण का दर्शन लाभ ले सके। यह पहल विवि के साथ ही क्षेत्र के लोगों के लिए भी विशेष है जिसके चलते लोगों को इस विवि के इतिहास को जानने समझने के साथ ही देखने का भी अवसर मिल रहा है। पर्व के अवसर पर परिसर हजारों दर्शनार्थियों से भरा रहा। विभिन्न विभागों सहित संग्रहालय, प्राचीन बावली, आर्ट गैलरी सहित भगवान राधा कृष्ण मंदिर का दर्शन करने दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। इन सबके बीच दरबार हाल में आयोजित सांगीतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान कुलसचिव डॉ सौमित्र तिवारी, अधिष्ठाता संगीत संकाय प्रो नमन दत्त सहित प्राध्यापकगण व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### कुलपति ने की भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना

भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का विवि परिसर में पहुंचते ही कुलपति प्रो डॉ. लवली शर्मा ने उनका दर्शन कर पूजा अर्चना की। रथ को अपने हाथों से खींचकर यात्रा को आगे बढ़ाने में सहयोग किया उसके अलावा पथ को जल छिडक़कर साफ किया। पूजा अर्चना दौरान उन्होंने इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के उत्तरोत्तर विकास की कामना की।

## महिला से छेड़छाड़, भाजपा नेता को एक साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

गॉव की गरीब मजदूर महिला के साथ बुरी नीयत से हाथ बॉह पकड़कर छेड़छाड़ करने वाले भाजपा नेता को एसीजेएम कोर्ट ने दोषी पाकर पांच हजार के अर्थदंड सहित एक साल की साधारण जेल सुनाई है।

जानकारी अनुसार 24 मार्च 20 में ब्लाक की कुम्ही निवासी मजदूर महिला वही गॉव के ईश्वर निषाद के यहॉ घरेलू काम काज कर रही थी इस दौरान भाजपा नेता व पूर्व जिपं सदस्य प्रतिनिधि हेमूदास साहू वहॉ पहुंचा और उसने महिला पर दरियादिली दिखाते हुए कहा कि उसका मजदूरी करना पसंद नही है। महिला ने विरोध किया तो हेमूदास साहू वहॉ से निकल गया लेकिन दूसरे दिन 25 मार्च को जब महिला खेत में चना काट रही थी तभी पीछे से दबे पांव अकार हेमू दास साहू ने उसे अपनी बाहों में जकड़ लिया उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। महिला ने साहस दिखाते हुए खुद को छुड़ाकर चीख-पुकार मचाई, आसपास से लोगों का आता देखकर आरोपी भाग खड़ा हुआ। घटना के बाद महिला ने साहस दिखते हुए थाने में अपने साथ हुए घटना की सिलसिलेवार जानकारी देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराया। लंबी न्यायिक प्रक्रिया बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोर्ट खैरागढ़ ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 354 के तहत आरोपी हेमूदास साहू को दोषी ठहराते हुए एक वर्ष के साधारण कारावास और पांच हजार जुर्माने की सजा सुनाई, जिसमें तीन हजार पीड़ित को मुआवज़े के रूप में दिया जाएगा। कोर्ट ने अपने फैसले में स्पष्ट रूप से कहा कि यह अपराध केवल महिला की गरिमा पर नहीं समाज की आत्मा पर भी गहरी चोट है। ऐसे आरोपी को परिवीक्षा जैसी किसी कानूनी राहत का लाभ देना उचित नहीं होगा। यह निर्णय उन तमाम महिलाओं के लिए एक उम्मीद की किरण है जो अब भी चुप हैं लेकिन अन्याय के खिलाफ भीतर ही भीतर जूझ रही हैं। यह फैसला उनकी चुप्पी को कमजोरी नहीं बल्कि न्याय के लिए प्रतीक्षारत साबित



### प्रवेश उत्सव 30 को

**सड़क अतरिया।** आगामी सोमवार को शासकीय स्कूल जंगलपुर एवं संकुल के तत्वावधान में ब्लाक स्तरीय प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार, उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, गिरवर जंघेल, जनपद अध्यक्ष पुष्पा जंघेल, उपाध्यक्ष राजू जंघेल, बीईओ रमेन्द्र डड़सेना सहित अन्य शामिल होंगे। कार्यक्रम में छात्रों का स्वागत कर पुस्तक एवं गणवेश वितरण किया जाएगा।

## सेवानिवृत्ति सम्मान कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ प्रतीक चिन्ह भेंटकर किया सम्मानित

विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव के स्थापना के तहत सेवानिवृत्त प्रधान पाठक एवं उच्च वर्ग शिक्षकों का सेवानिवृत्ति सम्मान कार्यक्रम विकासखंड शिक्षा अधिकारी धनीराम देवांगन एवं लेखापाल राजेश खापर्डे द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन भगत सिंह ठाकुर द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में नूरजहां हफिज खान, राजकुमार वासाटे, थीरनलाल साहू, रेखराम साहू, विजय वैष्णव, कनक कुमारी रामटेके, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, नलिनी वानखेडे का समय-सीमा में पेंशन आदयगी आदेश जारी होने के फलस्वरूप शाल, श्रीफल, मोमेंटो, प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार बघेल, जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव सहायक संचालक आदित्य खरे, उपसंचालक कोष-लेखा एवं पेंशन दुर्ग देवेंन्द्र चौबे, वरिष्ठ पार्षद हफीज खान, सहायक कोषालय अधिकारी राजनांदगांव कृतलाल साहू, कोषालय राजनांदगांव ध्रुव कुमार नेताम, कोषालय राजनांदगांव सुशांत बेलेकर, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव भारती आहुजा आर्य, जिला शिक्षक कांग्रेस संघ अध्यक्ष सुरेश जैन, जिला पेंशन संघ अध्यक्ष अनिल शर्मा, जिला पेंशन संघ सचिव केडी साहू एवं समस्त कार्यालयीन स्टॉफ तथा शिक्षकगण उपस्थित थे। मुख्य अतिथि श्री बघेल द्वारा उदबोधन के दौरान कार्यक्रम की प्रशंसा की। अंत में आभार प्रदर्शन कार्यक्रम के आयोजक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी धनीराम देवांगन एवं लेखापाल राजेश खापर्डे द्वारा किया गया। तत्पश्चात सेवानिवृत्तों के सम्मान में सम्मान भोज करवाया गया।



## 50वीं बरसी पर मनाया संविधान हत्या दिवस

**खैरागढ़।** आपातकाल की 50वीं बरसी पर छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग के निर्देशानुसार संविधान हत्या दिवस का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मीसा कानून तहत जेल गए लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित कर उनके संघर्ष को याद किया गया। मीसा बंदी ठाकुर सुभाष सिंह व स्व. रामकृष्ण तिवारी के पुत्र चैतेन्द्र तिवारी को शाल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में आपातकाल के दौर की घटनाओं पर आधारित फोटो प्रदर्शनी, वृत्तचित्र प्रदर्शन सहित परिचर्चा का आयोजन भी किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह व पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने आपातकाल के काले अध्याय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन केंद्र सरकार ने राजनीतिक लाभ के लिए संविधान को कुचलते हुए आपातकाल घोषित किया था। इससे नागरिकों के मौलिक अधिकार छिन गए, प्रेस की स्वतंत्रता समाप्त हुई और लोकतंत्र को गहरा आघात पहुँचा। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य इस भयावह दौर को स्मरण कर लोकतंत्र के प्रति जागरूकता और प्रतिबद्धता को मजबूत करना है।



### आपातकाल के दौरान दी गई यातनाएं

मीसा बंदी ठाकुर सुभाष सिंह ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि आपातकाल के दौरान लोकतंत्र रक्षकों को भारी यातनाएं दी गईं। नागरिक अधिकार पहले ही समाप्त कर दिए गए थे, और सुरक्षा के नाम पर जनता को जेलों में बंद कर प्रताड़ित किया गया। इस दौरान नपा अध्यक्ष गिरिजा चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि भागवतशरण सिंह, खम्मन ताम्रकार, पार्षद अजय जैन, देवंतिन कोठले, रूपेंद्र रजक, पुष्पा सिंदूर, जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र सिंह ठाकुर, एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं स्कूली विद्यार्थियों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से उपस्थित लोगों ने उस कालखंड की घटनाओं को गहराई से देखा और लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता दुहराई।

## रामपुर में विकासखंड स्तरीय मना प्रवेश उत्सव

**अर्जुनी।** रामपुर में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 12वीं, 10 वीं एवं 8वीं में आने वाले प्रथम एवं द्वितीय आने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कक्षा पहली एवं छठवीं के नए बच्चों को तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर पुस्तक एवं गणवेश प्रदान किया गया। दिव्यांग बच्चों को पढ़ाई में विशेष सहयोग के लिए किट प्रदान किया गया। प्रवेश उत्सव के मौके पर नेवता भोज अंतर्गत खीर पुरी, मिठाई खिलाया गया। शाला प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान अंतर्गत छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, जनपद उपाध्यक्ष मनीष साहू, सरपंच यतीश सिन्हा, द्वारका तारम, दुधेराम साहू, बीईओ आरएल पात्रे, एबीईओ रश्मि ठाकुर आदि शामिल हुए।





DMart®
Daily Discounts Daily Savings
स्टाइल से करो कॉलेज की शुरुआत
शॉप ऑनलाइन**
DMart ready
GET IT ON Google Play
Download on the App Store
कॉलेज मर्चन्डाइज़
15% – 35% छूट मूल कीमत पर
ब्रान्डेड लॉंगबुक्स एण्ड नोटबुक्स
₹ 275 सिर्फ जेके कॉपियर पेपर A4 (21 सेमी x 29.7 सेमी) 70 gsm 500 शीट्स मूल कीमत ₹ 355
न्यूनतम 20% छूट मूल कीमत पर पेन्स
₹ 299* से आगे कॉलेज बैग
₹ 399* से आगे लैपटॉप बैग
₹ 199* सिर्फ एक्जिक्यूटिव फोल्डर 12 पॉकेट फाइल मूल कीमत ₹ 290
₹ 49* से आगे पाउच
₹ 249* से आगे बास्केटबॉल
₹ 129* सिर्फ सेलो प्यूरो स्पोर्ट बोतल 720 मि.ली. मूल कीमत ₹ 205
₹ 149* से आगे स्टील बोतल
₹ 399* सिर्फ जेब्रोनिक्स वायर्ड हेडफोन मूल कीमत ₹ 799
₹ 359* से आगे ट्रिमर
₹ 399* से आगे हेयर ड्रायर
₹ 149* से आगे बेल्ट
₹ 99* से आगे सनग्लासेज़
₹ 379* सिर्फ फुटबॉल मूल कीमत ₹ 470
मानसून स्पेशल
₹ 349* से आगे छाते
₹ 449* से आगे जील रेन सूट
₹ 149* सिर्फ पोन्चो मूल कीमत ₹ 199
₹ 799* से आगे स्पिन मॉप
₹ 49 से आगे क्लोथ क्लिप 12 पीस
₹ 229* से आगे मेन्स क्लॉग
₹ 359* से आगे बाटा लेडीज़ बेली शूज़
डेली एसेंशिअल्स एण्ड ग्रोसरी
₹ 299* सिर्फ फॉग सेंट यु डी परफ्यूम 3x30 मि.ली. प्रती मूल कीमत ₹ 899
1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त गार्निअर ब्राइट कम्प्लीट विटामिन सी फेस वॉश 150 ग्राम मूल कीमत ₹ 349*
1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त मामाअर्थ ओनियन एण्ड प्लांट केराटीन शैम्पू 600 मि.ली. मूल कीमत ₹ 839*
₹ 99* सिर्फ स्टेफ्री सिक्योर नाइट्स कॉटनी सॉफ्ट कम्फर्ट XL पैड 18 पीस मूल कीमत ₹ 124
1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त पारले हाइड एण्ड सीक 4 फन फ्लेवर्स चोको चिप क्रीम सॅन्डविचेस बिस्किट्स 400 ग्राम मूल कीमत ₹ 180*
₹ 139* सिर्फ ब्रिटानिया टोस्टी प्रिमियम बेक रस्क 4x250 ग्राम मूल कीमत ₹ 240
₹ 99* सिर्फ कैडबरी डेअरी मिल्क चॉकलेट 123 ग्राम मूल कीमत ₹ 130
₹ 145* सिर्फ मैगी न्यूट्रिलिशियस मसाला वेज आटा नूडल्स 435 ग्राम मूल कीमत ₹ 172
₹ 48* सिर्फ नॉर हॉट एण्ड सॉर वेज/क्लासिक थिक टोमॅटो सूप 41 ग्राम/51 ग्राम मूल कीमत ₹ 60
1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त मैकेन फ्रेन्चफ्राइज़ 1.25 किलो मूल कीमत ₹ 370*
₹ 99* सिर्फ डा. ओटकर फनफूड्स् डिलाइट वेज मेयोनीज 750 ग्राम मूल कीमत ₹ 189
₹ 429* सिर्फ नटराज कैलिफोर्निया बादाम 500 ग्राम मूल कीमत ₹ 599
₹ 449* सिर्फ नटराज काजू 500 ग्राम मूल कीमत ₹ 699
₹ 280* सिर्फ पियर्स प्युअर एण्ड जेंटल सॉफ्ट साबुन 4x125 ग्राम प्रती मूल कीमत ₹ 405
₹ 44* सिर्फ लूज़ चीनी 1 किलो
₹ 55* सिर्फ लूज़ वाडा कोलम चावल 1 किलो
₹ 31.50* सिर्फ लूज़ गेहूँ आटा 1 किलो
₹ 99* सिर्फ लूज़ लातूर तुअर दाल 1 किलो
₹ 119* सिर्फ लूज़ मूंगफली 1 किलो
₹ 45* सिर्फ लूज़ साबुदाना 1 किलो
₹ 39* सिर्फ लूज़ रवा 1 किलो
₹ 51* सिर्फ लूज़ जाड़ा पोहा 1 किलो
₹ 489* सिर्फ काजू 500 ग्राम मूल कीमत ₹ 704
₹ 419* सिर्फ बादाम 500 ग्राम मूल कीमत ₹ 670
अपैरल
₹ 199* से आगे लेडीज़ कॅज्युअल टॉप
₹ 199* से आगे लेडीज़ एथनिक शॉर्ट/लॉंग कुर्ता
₹ 499* से आगे लेडीज़ ड्रेसेस
₹ 249* से आगे लेडीज़ सैंडल्स
₹ 279* से आगे लेडीज़ शूज़
₹ 199* से आगे लेडीज़ कॅज्युअल शर्ट
₹ 349* से आगे लेडीज़ जेगिंग
₹ 199* से आगे लेडीज़ कॅज्युअल लोअर
₹ 449* से आगे मेन्स कॉटन चीनोज़
₹ 199*# से आगे मेन्स कैजुअल शूज़
₹ 99* से आगे मेन्स फैन्सी टी शर्ट
₹ 199* से आगे मेन्स कॅज्युअल/फॉर्मल शर्ट
₹ 349* से आगे मेन्स फॉर्मल ट्राउज़र/जीन्स
₹ 149* से आगे मेन्स फैशन शॉर्ट्स
न्यूनतम 25% छूट मूल कीमत पर सभी ब्रांडेड मेन्स अंडरगारमेंटस्
ट्रेंडिंग वॉर्डरोब लुक्स
मेन्स कैरेक्टर टी शर्ट @ ₹ 299*# से आगे
मेन्स कॅज्युअल शर्ट @ ₹ 499*# से आगे
मेन्स फैशन जीन्स @ ₹ 799*# से आगे
लेडिज फैशन टी शर्ट एण्ड टॉप @ ₹ 199*# से आगे
लेडीज़ कॅज्युअल बॉटम वेअर @ ₹ 299*# से आगे
लेडीज़ डेनिम @ ₹ 349*# से आगे
लेडीज़ कुर्ता सेट @ ₹ 599*# से आगे
न्यूनतम 9% छूट
सिटी मॉल, रायपुर : 6262000236 • रिंग रोड, रायपुर : 0771-2262922 • नेशनल हाइवे-6, भिलाई : 9752574902/9752098603
अंबाडी नगर, भिलाई : 6269500098 • पोटियाकला दुर्ग, भिलाई : 9630804906 • राजनांदगांव : 6269500166
**सिर्फ रायपुर और भिलाई में उपलब्ध
उत्पादों के चित्र केवल प्रतिनिधित्व उद्देश्यों के लिए हैं और वास्तविक उत्पादों से भिन्न हो सकते हैं. • उत्पादों के ऑफर्स स्टाक रहने तक वैध. • ऑफर्स स्थान के अनुसार भिन्न हो सकते हैं.
इस विज्ञापन में दिखाये गये ब्रांड संबंधित ब्रांड के मालिक के स्वामित्व में हैं. •^प्रबंधन के पास अपने विवेक से कीमतों में बदलाव, छूट देने का और उत्पादों को बेचने का अधिकार सुरक्षित हैं. • नियम और शर्तें लागू • *खुदरा बिक्री मूल्य. • # 1 वस्तु
Impulse/06/25

## सार समाचार

### बोरी में मनाया गया बलिदान दिवस

**राजनांदगांव।** ग्राम बोरी में भाजपा के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। मुख्य अतिथि राजनांदगांव जनपद पंचायत सभापति पूर्णिमा कृष्णा साहू ने डॉ. श्यामा प्रसाद के जीवन परिचय का वर्णन करते उन्हें अखंड और एक भारत श्रेष्ठ भारत का जनक बताया। इस अवसर जिला पंचायत सदस्य शीला सिन्हा, बोरी सरपंच जीवनलाल साहू, हेमलाल साहू, कृष्णा साहू, सुखीराम साहू, लालाराम देवांगन, कुशाल सिन्हा, प्रवीण देवांगन, वेदराम साहू समेत अन्य लोग शामिल थे।



### बच्चों को मिठाई खिलाकर कराया शाला प्रवेश

**राजनांदगांव।** जनपद पंचायत राजनांदगांव के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शुशिर श्रीवास्तव ने शा.पूर्व मा.शाला एवं शा.प्रा.शाला पार्रिकला में नवप्रवेशी बच्चों को मिठाई खिलाकर, पाठ्य पुस्तक वितरण व गणवेश देकर उनका शाला प्रवेश कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिमा रमेश चंद्राकर ने की एवं विशेष अतिथि सरपंच कामिनी अम्बिलकर शामिल थी।इस अवसर पर दीपक साहू, पुरुषोत्तम साहू, विनोद साहू, लक्ष्मण साहू, अरुण अम्बिलकर, दिगंबर साहू, लोकेश, कोमल साहू, रोहित साहू, कपूर दास साहू, सुमरन साहू, ज्ञान दास मानिकपुरी, सिमरन दास साहू, हरिलाल साहू, भगवत दास साहू, दिलेश्वरी साहू, जानकीबाई, मेनका साहू, एन कुमार शर्मा, श्रीमती जेम्स, स्वाति जैन, चांदनी कंवर, विष्णु शर्मा उपस्थित थे।



### अहाना ने राष्ट्रीय कराते स्पर्धा में किया प्रतिनिधित्व

**राजनांदगांव।** भिलाई महिला महाविद्यालय में बीते 9 से 11 मई तक 9वां राज्य स्तरीय सब-जूनियर कैडेट व जूनियर कराते चैम्पियनशिप का आयोजन हुआ। जिसमें प्रदेश के 20 जिलों के लगभग 400 खिलाड़ी शामिल हुए। जिसमें राजनांदगांव जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते 12 स्वर्ण, 8 रजत व 4 कांस्य पदक जीता। जिसमें सब-जूनियर बालिका वर्ग में नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल बल्देवबाग राजनांदगांव की छात्रा अहाना प्रसाद ने 1 स्वर्ण, 1 रजत पदक प्राप्त करते हुए स्वर्ण पदक विजेता के रूप में देहरादून में 11 से 15 जून तक आयोजित राष्ट्रीय कराते स्वर्धा में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से हजारों खिलाड़ियों ने अपना-अपना उकृष्ट प्रदर्शन दिया। जिसमें छग का स्थान 13वां रहा।



### गंगवानी बने कानूनी सलाहकार

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन द्वारा नई कार्यकारिणी गठित की गई। जिसमें छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आशीष गंगवानी को कानूनी सलाहकार का पद सौंपा गया है। इस पर अधिवक्ता श्री गंगवानी ने छत्तीसगढ़ जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन का आभार व्यक्त करते कहा कि मुझे जो दायित्व सौंपा गया है, उसका मैं ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करूंगा।



### वृक्षारोपण करने दो दिवसीय महाभियान

**राजनांदगांव।** वर्षा के जल को संरक्षण करने के उद्देश्य से हर गांव-घर में सोखता गड्ढा बनाने व वृक्षारोपण करने दो दिवसीय महाभियान चलाया जा रहा है। इसकी शुरूआत भंडारपुर से की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव ने ग्रामवासी के घर में सोख्ता गड्ढा बनाकर अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर उत्तरा निषाद, सीमा चंद्रवंशी, दशरथ चंद्रवंशी, रमेश चंद्रवंशी, मुनबाई चंद्रवंशी, यशोदा पटेल, यशोदिया साहू, चुनुराम साहू, गैंदालाल साहू, सावित्री चंद्रवंशी, संजू साहू, हेमंत साहू, धनंजय, दुर्गा सिन्हा, दीपा सिन्हा, खिलेश्वरी सिन्हा समेत अन्य लोग शामिल थे।



### बांधाबाजार स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव आयोजित

**राजनांदगांव।** ग्राम बांधाबाजार के हायर सेकंडरी स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष भोजेश शाह मांडवी शामिल हुए। श्री शाह जी ने नवप्रवेशी बच्चों को मिठाई खिलाकर, पुस्तकें व गणवेश वितरित कर उनका स्वागत किया और उन्हें नियमित रूप से स्कूल आने प्रोत्साहित किया। आयोजन में नेहरू रजक, आशीष द्विवेदी, संदीप मेश्राम, कमलेश सारस्वत, शंकर तिवारी, विमल यादव, विनीत शर्मा, गौरव शर्मा, मोहन साहू, सुनीता चौधरी समेत पालकगण व ग्रामीणजन शामिल रहे।



### ड्राईंग में यामिनी कला केन्द्र के कला साधक श्रेष्ठ

**राजनांदगांव।** महाराष्ट्र शासन द्वारा संचालित एलीमेंट्री एवं इंटरमीडियेट ड्राईंग ग्रेड परीक्षा में यामिनी क्रीड़ा एवं कला केन्द्र के छात्र-छात्राओं ने शानदार सफलता हासिल की है। संस्था अध्यक्ष रीतेश देवांगन ने बताया कि संस्था में एलीमेंट्री एवं इंटरमीडियेट ड्राईंग ग्रेड का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। एलीमेंट्री परीक्षा में आयुषी ठाकुर, सौरभ देवांगन, डेविड कुमार, सागर देवांगन, विकास साहू, ममता कंवर, हरिनारायण कंवर व अरूण दास मानिकपुरी सभी ''ए'' ग्रेड से उत्तीर्ण रहे। प्रियल यदु व इंद्रजीत रंगारे ''बी'' ग्रेड से उत्तीर्ण रहे। इंटरमीडियेट ड्राईंग ग्रेड परीक्षा में श्वेता निर्मलकर, त्रिशाल देवांगन, आयुषी यादव व अंशिका वाडेकर सभी ''ए'' ग्रेड से उत्तीर्ण रहे। जबकि सांझी श्रीवास व प्रेरणा पाल भी उत्तीर्ण हुए। इस सफलता पर सुनील भागवत, रीतेश देवांगन, पुनाराम यादव, राकेश यादव, गजानन पाटिल, सेविता देवांगन, पारूल डुंभरे, जयेश मुदलियार, आशीष यादव सहित अन्य सदस्यों ने सफल परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं दी।



## पेण्ड्री, मनगटा, लखोली क्षेत्र में जांच पड़ताल

# पुलिस की लगातार दबिश से असामाजिक तत्वों में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चोरी, लूट, झपटमारी सहित अन्य अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस बल ने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर कॉम्बिंग गश्त तेज कर दी है। पेंड्री अटल आवास इलाका और मनगटा में दबिश देने के बाद आज लखोली इलाके में पुलिस ने दबिश दी। इस दौरान कुछ संदिग्ध भी पकड़े गए हैं। पुलिस के इस अभियान से असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है।

सोमनी क्षेत्र के मनगटा पर्यटन स्थल में पुलिस द्वारा कॉम्बिंग गश्त कर वहां स्थित रिसार्ट, हॉटल, गार्डन आदि को चेक कर संदिग्ध व्यक्तियों की पतासाजी की गई। पुलिस अधिकारी दल-बल के साथ लगभग 40 पुलिस अधिकारी एवं जवानों द्वारा मनगटा स्थित रिसार्ट, हॉटल, गार्डन आदि को चेक कर संदिग्ध व्यक्तियों की पतासाजी की गई।

#### व्यक्ति से तलवार बरामद

एक व्यक्ति के पास से 1 तलवार बरामद किया गया जिसके विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। पुलिस बल ने दबिश देकर संदिग्धों एवं असामाजिक तत्वों की जांच पड़ताल की। गली-मोहल्ले से लेकर विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर पुलिस ने मौके पर मिले संदिग्धों से पूछताछ भी की। बताया गया कि कुछ को थाना लाकर भी पूछताछ की गई।



#### पेंड्री में मिला था गांजा

ज्ञात हो कि एक दिन पहले शहर के पेंड्री अटल आवास इलाके में पुलिस ने दबिश दी थी। जिसके तहत लगभग 400 घरों की जांच की गई थी। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों के पास से 3 धारदार चाकू एवं 01 तलवार मिला। वहीं एक व्यक्ति से एक किलो 99 ग्राम गांजा भी बरामद किया गया। जिनके खिलाफ कार्रवाई की गई।

#### पुलिस की लखोली में दबिश

इधर शुक्रवार को सुबह कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत अटल आवास लखोली पहुंच कर लगभग 150 से अधिक घरों को चेक किया। एवं यहां रहने वालो की तलाशी ली गई, यहा रह रहे मकान मालिक, किरायेदार, व बारी मुसाफिरों की भी जांच की गई।चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति के पास से गांजा का पौधा जप्त किया गया। जिसक विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

#### असामाजिक तत्वों पर नजर

पुलिस द्वारा लगातार विभिन्न इलाकों में काम्बिंग गश्त एवं गश्त कर असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा रही है। जिससे हडकंप मचा हुआ है। पुलिस के अनुसार उक्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस की इस कार्रवाई से अपराधों पर अंकुश लगने की संभावना जताई जा रही है। उक्त गश्त में पुलिस अधिकारी, थानों के थानेदार एवं स्टाफ सहित पुलिस बल शामिल हो रहे हैं।

#### होटल में ठहरने वालों की जानकारी रखे

इस दौरान वहां के होटल एवं रिसार्ट संचालकों के रजिस्टर चेक किया गया। होटल में ठहरने वाले टूरिस्टों की जानकारी संधारण करने एवं अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश उन्हें दिए गए। होटल एवं रिसार्ट संचालकों को अपने संस्थानों में सीसीटीवी कैमरा आवश्यक रूप से लगाने हेतु कहा गया। अभियान के दौरान वहां रूके पर्यटकों व घूमने आए लोगों के आधार कार्ड, पेनकार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, पासपोर्ट आदि चेक कर तस्दीक किया गया।

# दस्तावेज के अभाव में अवैध सितार फैक्ट्री सील

## बोईरडीह में संचालित फैक्ट्री में दबिश



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग राजनांदगांव द्वारा लगातार प्रतिबंधित खाद्य सामग्री पर लगातार निगरानी की जा रही है। इसी कड़ी में प्राप्त सूचना के आधार पर राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बोइरडीह में संचालित अवैध सितार निर्माण फैक्ट्री में जीएसटी विभाग की उपस्थिति में दबिश दी गई।

जांच के दौरान बड़ी मात्रा में केसरयुक्त सितार पैकेट, सुगंधित सुपारी, पाउच पैकेट, पैकिंग मशीन सहित अन्य सामग्री फर्म में पाया गया। फर्म में उपस्थित सुपरवाइजर से फैक्ट्री संचालन से संबंधित दस्तावेज एवं एफएसएसएआई लाईसेंस की मांग की गई, जिस पर वह दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया। संदेहास्पद अवस्था में सामग्री के निर्माण एवं भंडारण पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा सुगंधित सुपरी व केसरयुक्त सितार पैकेट के नमूने लैब जांच हेतु जब्त किए गए हैं। साथ ही पैकिंग मशीन, पैकिंग मटेरियल, सुगंधित सुपारी, पैकेट सितार सहित कुल 23 लाख 47 हजार 300 रुपए की सामग्री को फर्म में उपस्थित सुपरवाइजर संतोष साहू की अभिरक्षा में सीज किया गया तथा मजिस्ट्रेट एवं पुलिस की उपस्थिति में निर्माण स्थल को सील कर दिया गया है। प्रारंभिक जांच के दौरान सितार निर्माण में दुर्ग निवासी गुरमुख जुमनानी का नाम सामने आया है। आगे की कार्रवाई नियमानुसार की जा रही है।

## मोहड़ में रेत के अवैध उत्खनन और फायरिंग का मामला

# एमपी के कई शहरों में छापामारी अभाविप नेता की गिरफ्तारी नहीं

**राजनांदगांव।** मोहड़ में रेत के अवैध उत्खनन और फायरिंग कांड के मुख्य सरगना अभाविप नेता संजय सिंह की तलाश के लिए पुलिस की करीब आधा दर्जन टीमें मध्यप्रदेश के ग्वालियर सहित कई शहरों में छापामारी कर रही है, लेकिन 15 दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल नहीं हुई है। इधर ऐसी चर्चा है कि मध्यप्रदेश के कुछ बड़े नेताओं ने अभाविप नेता को सुरक्षित ठिकाने में भेज दिया है।

पिछले 11 जून को मोहड़ वार्ड में रेत का अवैध उत्खनन का विरोध करने पर रेत माफियाओं द्वारा ग्रामीणों पर फायरिंग की गई थी। इस फायरिंग में दो ग्रामीण घायल हुए हैं। इस कांड को लेकर प्रदेश का सियासी पारा भी गर्म हो गया था। बसंतपुर पुलिस ने इस मामले में अभी तक सात आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है, लेकिन इस कांड के मुख्य सरगना अभाविप नेता संजय सिंह की गिरफ्तारी आज पर्यन्त तक नहीं हो सकी है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस की आधा दर्जन टीमें ग्वालियर सहित भिंड, मुरैना, भोपाल आदि शहरों में दबिश दी है, लेकिन आरोपी को लेकर कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस ने आरोपी के घर और रिश्तेदारों के घरों में भी दबिश दी है, लेकिन वहां भी सफलता हासिल नहीं हुई है। सूत्रों का कहना है कि मध्यप्रदेश के कुछ नेताओं ने आरोपियों की मदद करते हुए उन्हें सुरक्षित ठिकानो में भेज दिया है। यही कारण है कि आधा दर्जन टीमों के एमपी में डेरा डालने के बाद भी आरोपी गिरफ्तार नहीं हो पा रहे हैं।

#### संपत्ति की भी पड़ताल शुरू

पुलिस ने इस मामले में आरोपियों की संपत्ति की जांच पड़ताल भी शुरू कर दी है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस यह पतासाजी में लगी है कि इस अवैध कारोबार के पैसे से कितनी संपत्ति खरीदी गई है। पुलिस ने पंजीयक और राजस्व महकमे को पत्र लिखकर तत्काल जानकारी देने के लिए कहा है। ऐसा माना जा रहा है कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेता संजय सिंह सहित जेसीबी मालिक अभिनव तिवारी सहित आरोपियों की संपत्ति भी अटैच की जाएगी।

#### कांग्रेस करेगी आंदोलन

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने इस मामले में पुलिस प्रशासन को आरोपियो को गिरफ्तार करने के लिए आठ दिनों का अल्टीमेटम दिया था। कांग्रेस विधायकों के जांच दल ने अपनी रिपोर्ट पीसीसी के समक्ष पेश कर दी है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि अभाविप नेता की गिरफ्तारी के लिए शीघ्र ही आंदोलन किया जाएगा। इधर इस मामले को लेकर कांग्रेस की शीघ्र ही एक बैठक आहूत किए जाने की भी तैयारी है।

# लूट की झूठी रिपोर्ट, कलेक्शन एजेंट ही निकला मास्टर माइंड, गिरफ्तार

- 3,50,000 रुपए की लूट के मामले का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

कर्ज में होने से इसाफ स्माल फायनेंस बैंक के कलेक्शन के पैसे का गबन कर लूट का झूठा रिपोर्ट लिखवाने के मामले में जांच पड़ताल करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक प्रार्थी मयूर कुमार अडमें जो कि इसाफ स्माल फायनेंस बैंक में कलेक्शन का काम करता था। 20 जून को कलेक्शन करने के लिए डोंगरगढ़ से सालेकसा महाराष्ट्र गया था। रास्ते में डोंगरगढ़ वापस जाते समय चेंदरी माता मंदिर के पास अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मारपीट कर लूटपाट की गई है। जिसकी रिपोर्ट पर थाना बोरतालाब में प्राथमिक की दर्ज कर विवेचना में लिया गया। लूटपाट में एक मोटर साइकिल होर्नेट, ब्राउन कलर के लेदर बैग में रखे नगदी 2,00,000 रुपए, हेलमेट तथा दो नग मोबाइल फोन, चांदी का ब्रेसलेट, सोने की बाली कुल कीमती जुमला 3,50,000 रुपए लूटकर ले जाना बताया गया।



#### तेल की खाली टीना में छिपाया पैसा

इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा एवं तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से सरगर्मी से पतासाजी की गई। पतासाजी करने पर पता चला कि इस प्रकार की घटना घटित ही नहीं हुई है। प्रार्थी द्वारा कर्ज का पैसा चुकाना है, करके खुद अकेले योजना बनाकर थाना बोरतलाव में झूठा रिपोर्ट लिखवाया था तथा इसाफ स्माल फायनेंस बैंक डोंगरगढ़ की कलेक्शन का पूरा पैसा 2,00,000 रुपए अपने घर के बाहर बरामदा के पास तेल का खाली टीना के पास काला कलर के रूमाल में बांधकर छिपा दिया था।

#### बैग व अन्य सामान फ्लाई ओवर के नीचे से बरामद

अपने मोटर साइकिल होंडा होर्नेट, बैग, हेलमेट, कान की सोने की बाली, चांदी का ब्रेसलेट, 2 नग मोबाइल फोन को रेलवे फ्लाई ओवर के नीचे छुपा दिया था। पुलिस के अनुसार गहन पूछताछ करने पर 2,00,000 रुपए अपने घर से बरामद करवाया एवं बैग, हेलमेट, कान की सोने की बाली, चांदी का ब्रेसलेट, 2 नग मोबाइल फोन रेलवे फ्लाई ओवर के नीचे से बरामद करवाया।

# किराना दुकान में चोरी, तीन पकड़ाए

**राजनांदगांव।** किराना दुकान में चोरी के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपियों से किराना सामान एवं नगदी रकम जब्त किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी जितेन्द्र भानुशाली 43 वर्ष अरबन कॉलोनी मां पाताल भैरवी मंदिर के पीछे राजनांदगांव द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि 25 जून को रात्रि डेढ़ बजे उसके दिनेश किराना स्टोर्स कन्हारपुरी का अज्ञात चोर द्वारा ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर किराना स्टोर्स में रखे किराना सामान गुटखा, बीड़ी, सिगरेट, धनिया पावडर पैकेट, हल्दी पावडर पैकेट, मिर्ची पावडर पैकेट कीमती 15,000 रुपए एवं गल्ला से नगदी रकम 20,000 रुपए को चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर धारा-331(4), 305 (ए), 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**पुलिस ने की कार्रवाई**

पुलिस के अनुसार इस मामले में पुलिस द्वारा घटनास्थल एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा को चेक कराया गया। मुखबीरों से प्राप्त सूचना एवं सीसीटीवी फुटेज में मिले क्लू के आधार पर आरोपी भूपेन्द्र साहू उर्फ दादू 20 वर्ष कन्हारपुरी, रोहित सूर्यवंशी उर्फ पिंटू 19 वर्ष कन्हारपुरी एवं गणेश साहू 31 वर्ष कन्हारपुरी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ पर आरोपियों ने चोरी करना स्वीकार किया। जिनके कब्जे से किराना सामान कीमती 15,000 रुपए एवं नगदी रकम 5,900 रुपए कुल जुमला कीमती 20,900 रुपए को जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपियों को 27 जून को विधिवत गिरफ्तार न्यायिक अभिरक्षा में माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

पृष्ठ 3 का शेष

#### महिला की नृशंस...

देखा कि मोहिनी खून से लथपथ घर के कमरे में गिरी थी। उनकी चीख सुनकर आसपास के लोग पहुंचे। जिसके बाद आनन-फानन में पुलिस को सूचना मिली। एएसपी नीतेश गौतम, टीआई अनिल शर्मा दल-बल साथ वहां पहुंचे और प्रारंभिक विवेचना के बाद देर रात शव को पीएम के लिए खैरागढ़ रवाना किया। आज सुबह पंचनामा कार्रवाई करने के बाद शव खैरबना पहुंची, जहां मोहिनी साहू का दोपहर को अंतिम संस्कार हुआ।

# एनबीआईएस बोरी में विश्व स्तरीय कैरियर काउंसिल

**राजनांदगांव।** विद्यार्थी जीवन में सही दिशा ज्ञान का होना बहुत आवश्यक है। उचित मार्गदर्शन देने के लिए एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल्स द्वारा बोरी स्थित नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल में करियर 9 सिलिकॉन वैली यूयस के मार्गदर्शन में कैरियर काउंसिल विशेषज्ञों द्वारा 29 जून तक कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के पालकों एवं बच्चों के लिए विषय आधारित काउंसिल की व्यवस्था की गई है।

वाइस प्रेसिडेंट ट्रेनिंग एंड ऑपरेशन गुंजन झा, टैलेंट व्हिस्पर डॉ.मीरा देसाई, रूबल प्रजापति, सई कुलकर्णी एवं सीनियर मैनेजर ऑफ टेक्नोलॉजी एंड कस्टमर सक्सेस भूवेश शर्मा की टीम द्वारा पालकों एवं बच्चों को मार्गदर्शन दिया जा रहा है, जहां वन-टू-वन काउंसलिंग की जा रही है। यह कैरियर काउंसलिंग छठवीं क्लास से ऊपर कॉलेज तक के बच्चों के लिए शहर के सभी पालकों के लिए रखी गई है। जिसमें इन विषय विशेषज्ञों द्वारा काउंसलिंग के महत्व एवं इसके फायदे की जानकारी पालकों को दी जाएगी, ताकि इसका लाभ उठाने से कोई भी वंचित न हो। संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा पालकों से आग्रह किया गया है कि इस कैरियर काउंसिल का लाभ लें तथा अपने पाल्य के सुंदर सुरक्षित भविष्य का निर्माण करें। सही समय में सही निर्णय ही भविष्य को सही मंजिल तक पहुंचाती है।



आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

# बांध से उद्योग में पानी लेने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

टेडेसरा क्षेत्र में एक उद्योग द्वारा चोरी-छिपे पाईप लाइन बिछाकर जलाशय से पानी लिए जाने के मामले में नाराजगी जाहिर करते टेड़ेसरा, देवादा, धीरी, कोपेडीह, अंजोरा, इंदावानी, बिरेझर के किसान कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने रैली निकाली और नारेबाजी करते बांध से उद्योग को पानी नहीं दिए जाने की मांग की। बड़ी संख्या में पहुंचे किसानों ने इस मामले में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मिलीभगत बताई है और पूरे मामले में जांच कार्रवाई किए जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा है।

ग्रामीणों ने अपने ज्ञापन में कहा है कि कोपेडीह जलाशय, राजा तालाब और अंजोरा जलाशय के पानी को लेने न्यू लुक बायो केमिकल कंपनी फूलझर द्वारा जबर्दस्ती दबंगाई करते पाईप लाइन डाली जा रही है। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मिलीभगत है। कंपनी के मैनेजर प्रदीप मिश्रा और मगरलोटा की पूर्व सरपंच कनक दुबे के बातचीत का आडियो वायरल हुआ है।



#### आधी रात बिछ रही पाईप लाइन

ज्ञापन सौंपने पहुंचे पूर्व सरपंच देवलाल साहू ने बताया कि उद्योग द्वारा आधी रात को पाईप लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। उक्त जलाशय का पानी सिंचाई, निस्तारी, मवेशियों और मत्स्य पालन के लिए किया जाता है। उन्होंने पाईप लाइन पर रोक लगाने की मांग की है।

#### किसान करेंगे आंदोलन

गांव के सेवाराम साहू ने बताया कि वर्ष 1976 से इस बांध का एग्रीमेंट किसानों के साथ है। 14 अगस्त से किसानों को इस बांध से पानी दिया जाता है। अभी सिंचाई विभाग ने लिखकर दिया है कि यह सिंचित क्षेत्र नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर 14 अगस्त से किसानों को पानी नहीं दिया जाएगा, तो किसान अपने परिवार सहित आंदोलन करेंगे।

#### एफआईआर दर्ज करने की मांग

कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे किसानों ने उद्योग संचालक और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरोध में एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
11 यात्री बुकिंग पर एक यात्री फ्री
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
14 जुलाई, 14 अगस्त, 4 सितंबर, 15 सितंबर, 22 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर 2025
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

स्थापना वर्ष 2014
आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें...
विजन पैरामेडिकल
INFORMATION | CAREER GUIDANCE | ADMISSION
COUNSELING & COACHING CENTER
प्रवेश प्रारंभ
गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय सेंटर
सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ में नौकरी एवं रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य है।
मो.: 9340751120, 9131330801, 7869622725
गर्ल्स हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
पता : कोबिया सृजन ITI के पीछे, बेमेतरा (छ.ग.)
योग्यता - 12वीं (जीव विज्ञान)
COURSES
BACHELOR IN MED.LAB.TECHNICIAN - 3 Years
DIPLOMA IN MED.LAB.TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY - 2 Years
DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN OPTHELMIC TECHNICIAN - 2 Years
CERTIFICATE IN OT TECHNICIAN - 1 Years

### क्रांति : बिजली बिल से मुक्ति, आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ा हर घर

# पीएम सूर्यघर योजना से जिले में ऊर्जा क्रांति की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भारत सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना ने छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में ऊर्जा क्रांति की नई शुरुआत की है। यह योजना सिर्फ बिजली बचत का माध्यम नहीं, बल्कि आमजन को आर्थिक सशक्तिकरण और पर्यावरणीय संतुलन की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जिले में इस योजना का क्रियान्वयन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में कबीरधाम जिले में प्रभावी ढंग से किया जा रहा है, जिसमें विद्युत विभाग के प्रशासनिक अमला इस योजना के क्रियान्वयन में फील्ड पर सतत प्रयासरत है। जिले की बात करें तो अब तक इस जिले के 11 घरों की छतों पर रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं, जिनसे हर माह औसतन 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली का उत्पादन हो रहा है। पहले यह बिजली बिल हाफ की चर्चा होती थी, पर अब प्रधानमंत्री सूर्य घर की योजना से अब बिजली मुक्त की से घर रौशन की चर्चा होनी शुरू हो गई है। इस ऊर्जा से घरों की दैनिक आवश्यकताएं पूरी हो रही हैं और बची हुई बिजली को सीएसपीडीसीएल के ग्रिड में भेजा जा रहा है, जिससे उपभोक्ताओं को आगामी महीनों में क्रेडिट के रूप में लाभ मिल रहा है। इससे न केवल उपभोक्ताओं को बिजली बिल से राहत मिल रही है, बल्कि वे आत्मनिर्भर भी बन रहे हैं। जिले में इस योजना के प्रति लोगों का उत्साह लगातार बढ़ रहा है। अब तक 94 से अधिक हितग्राहियों ने अपने लिए वेंडर का चयन कर लिया है और कई को सब्सिडी की राशि सीधे उनके बैंक खातों में स्थानांतरित की जा चुकी है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अपनाई गई पारदर्शी और सरल प्रक्रिया इस योजना की लोकप्रियता का बड़ा कारण बन रही है।

#### आत्मनिर्भर भारत व आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ की दिशा में एक मजबूत और स्थायी कदम



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दूरदृष्टि और शासन की प्राथमिकता में शामिल ऊर्जा आत्मनिर्भरता का यह प्रभावशाली उदाहरण है। इस योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं की मासिक विद्युत खपत के अनुसार 45 हजार से 108000 रूपए तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है, जिससे 1 से 3 किलोवाट की क्षमता वाले सोलर सिस्टम की स्थापना अब मध्यमवर्गीय और निम्न आय वर्ग के लिए भी सहज हो गई है। इसके अतिरिक्त, ग्रुप हाउसिंग सोसायटी और निवासी कल्याण संघों को 18 हजार रूपए प्रति किलोवाट की विशेष सब्सिडी दी जा रही है। प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना केवल एक ऊर्जा कार्यक्रम नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ की दिशा में एक मजबूत और स्थायी कदम है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने भारत सरकार की इस पहल को धरातल पर साकार करते हुए यह सुनिश्चित किया है कि जिले के आम नागरिक न केवल उपभोक्ता बनें, बल्कि ऊर्जा के उत्पादक भी बनें। कबीरधाम जिले में इस योजना की सफलता आने वाले समय में अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन रही है।

# मां महामाया बोल बम समिति कुण्डा का जत्था सावन के पहले दिन कांवड़ यात्रा के लिए अमरकंटक रवाना होगा



हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी मां महामाया बोल बम समिति कुण्डा 11 जुलाई को कांवड़ यात्रा हेतु मां नर्मदे के जल लेने अमरकंटक रवाना होगी। मान्यता है कि देवाधिदेव महादेव प्रिय महीने सावन में पहली बार कांवड़ यात्रा की शुरुवात भगवान परशुराम ने की तब से यह अनवरत चली आ रही है। हरिद्वार गंगोत्री जैसे तीर्थ स्थान से जल से भोलेनाथ के भक्त पवित्र नदियों का जल कावंड में भरते है और और शिवालयों में जाकर उस जल से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करते है। कबीरधाम जिले शिवभक्त जल लेने अमरकंटक जाते है, इस वर्ष सावन के पहले दिन से यानि 11 जुलाई 2025 से कांवड़ा यात्रा शुरू हो जाएगी, आखिरी दिन याने 9 अगस्त तक भक्त कावड़ा लेकर निकलेंगे। वही इस बार मां महामाया बोल बम समिति कुण्डा की 110 शिवभक्त की जत्था 16 जुलाई को मां नर्मदे की पवित्र जल लेने अमरकंटक रवाना होगी।

समिति के उपाध्यक्ष निकेत चंद्राकर ने बताया कि बोल बम समिति विगत 15 वर्षों से कावड़ा यात्रा कर भगवान भोलेनाथ की जलाभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे। उन्होंने बताया यात्रा की तैयारी हेतु समिति का आवश्यक बैठक आहुत किया जा चुका।

श्री चंद्राकर ने बताया 11 जुलाई 2025 को बोलबम समिति अध्यक्ष आचार्य नूतन प्रसाद शर्मा, त्रिशूल बम पवन वैष्णव, झंडी बम सुरेश चंद्राकर, अगरबती बम हरीश चंद्राकर, उपाध्यक्ष निकेत चंद्राकर, कोषाध्यक्ष चैन चंद्राकर, सचिव राजा विश्वकर्मा, सह सचिव अनुराग यादव के अगवाई में 110 शिवभक्ति की जत्था शिव मंदिर प्रांगण में एकत्र होकर भोलेनाथ की विधिवत पूजा अर्चना कर मां नर्मदे से पवित्र जल लेने अमरकंटक रवाना होगी।

मां नर्मदे से पवित्र जल कावड़ में भर कर अमरकटंक से 150 किलो मीटर कावड़ उठाकर कर पदयात्रा कर डोंगरिया जलेश्वर महादेव में जलाभिषेक एवं कवर्धा में बुढ़ामहादेव में जलाभिषेक कर कुण्डा नगर भ्रमण कर मां महामाया की विधिवत पूजा अर्चन कर प्रदेश जिले एवं ग्राम व क्षेत्रवासियों की खुशी समृद्धि की कामना करेंगे।

## खबर संक्षेप

### पद्मश्री कवि डॉ सुरेन्द्र दुबे को श्रद्धांजलि अर्पित की गई



**हरिभूमि कोलेगांव।** छत्तीसगढ़ के साथ-साथ पूरे भारत देश-विदेशों में कवि के नाम से जाने, जाने पद्मश्री कवि डॉ सुरेंद्र दुबे का आकस्मिक निधन होने पर ग्राम कोलेगांव, भगतपुर, धनेली, कंझेटा, मोहतरा कला, दामापुर व कुण्डा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में उसके आत्मा के शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पद्मश्री कवि डॉ सुरेन्द्र दुबे छत्तीसगढ़ी भाषा को विश्व पटल पर विशिष्ट पहचान दिलाने वाले, पद्मश्री से सम्मानित कवि डॉ सुरेन्द्र दुबे का हृदयाघात से निधन साहित्य जगत के लिए अपूर्णनीय क्षति है। उनका इस तरह अचानक से चले जाना सबके लिए हृदयविदारक है। इनका जीवन पूर्ण रूप से साहित्य को समर्पित रहा नवांकुर लेखनी के वे आदर्श भी रहे। अपने अल्हड़ व चुटिले अंदाज से लोगों को हंसाने वाले तथा अपनी उपस्थिति मात्र से कवि-सम्मेलनों की सफलता की पूरी गारंटी देने वाले हम सबके सदैव दिलों में जिंदा रहेंगे। वहीं डॉ सुरेन्द्र दुबे को साहित्य जगत के साथ कवर्धा व कवर्धा के साहित्यकारों के लिए भी अपूर्णीय क्षति है। जिस पर कवर्धा के साहित्यकार विरेन्द्र चन्द्रवंशी, प्रेमिश शर्मा, पारसमणि शर्मा, अभिषेक पाण्डेय, कैलाश चन्द्रवंशी, योगेंद्र चन्द्रवंशी, वोकेशनाथ योगी, दिनेश पाण्डेय ने शोक व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### क्षेत्र में हल्की बारिश से धान, कोदो-कुटकी, मूंगफली व अरहर की बोआई कार्य शुरू



**हरिभूमि बरबसपुर।** बंगाल की खाड़ी पर दबाव होने के कारण लगातार बादल छाए हुए हैं। जिनके कारण से कबीरधाम जिले में दो-तीन दिनो से रिमझिम रिमझिम हल्की बारिश होने से क्षेत्र के ग्रामीण किसान इन दिनों धान फसल, कोदो-कुटकी, मूंगफली व अरहर की बोआई कार्य में जुटे हुए है। बताया जाता है कि क्षेत्र के ग्रामीण किसान सुबह से ही खेती-किसानी कार्य के लिए हल व ट्रैक्टर के माध्यम से खेतों की जोताई-बोआई ग्राम जेवड़न खुर्द, बरबसपुर, दौजरी, डबराभाट, सारंगपुर खुर्द, सिंघनपुरी व क्षेत्र जोर-शोर से किया जा रहा है।

### शासकीय प्राथमिक शाला देवरी में शाला प्रवेशोत्सव न्योता भोज कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि कवर्धा।** गत दिनों शासकीय प्राथमिक शाला देवरी, संकुल मरका में शाला प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। शाला प्रवेशोत्सव में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों को गणवेश एवं स्कैन की गई साथ ही पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। शाला प्रवेशोत्सव में समूह के द्वारा न्यौता भोज कराया गया। न्यौता भोज में खीर, पूड़ी, सब्जी, जलेबी खिलाया गया। शाला प्रवेशोत्सव में उपस्थित अतिथियों द्वारा सभी नवप्रवेशी विद्यार्थियों को बधाई दिया गया एवं शिक्षा के महत्व के संबंध में विस्तार पूर्वक उद्बोधन देकर शासकीय शालाओ में प्रवेश हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर केशलाल साहू, संकुल समन्वयक सनत तिवारी, ग्राम पंचायत सरपंच दुलेश्वर निषाद, उपसरपंच सुनीता निसाद, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष पारस, पंचगण, प्रधान पाठिका हेमलता शर्मा, सचिव जैतराम जायसवाल, गणेशी, प्रभा, राधा, सुशीला, राधिका, उषा, सरोज, धर्मराज साथ ही साथ शिक्षक अजित यादव तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

# ग्राम बंदौरा में सांसद संतोष पाण्डेय ने विभिन्न विकास कार्यो का किया भूमि पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा-ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बदौंरा में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के अनुशंसा पर स्वीकृत राशि से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य हेतु 13 लाख, पुलिया निर्माण हेतु 10 लाख, सांस्कृतिक मंच हेतु 3 लाख व क्रमशः सांस्कृतिक मंच निर्माण हेतू 3 लाख एवं सांसद निधि से नाली निर्माण हेतु 5 लाख रुपए की राशि का विकास कार्यो का भूमि पूजन राजनांदगांव-कवर्धा सांसद संतोष पाण्डेय द्वारा किया गया। इस भूमि पूजन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद संतोष पाण्डेय, वीरसिंग पटेल, शंकर सोनवानी, संतोष कौशिक, श्रीमती ठगिया धुर्वे, देवा चौबे, मनराखन निषाद, आत्मादास मानिकपुरी, नाथूराम कौशिक, द्वारिका कौशिक, कन्हैया साहू, कवल कौशिक, राजू साहू व भाजपा जनप्रतिनिधि, समस्त कार्यकर्ताओं के उपस्थिति में कार्य संपन्न हुआ। वहीं ग्राम बंदौरा में विभिन्न सर्वांगीण विकास कार्यों की स्वीकृति मिलने पर उपमुख्यमंत्री सीएम विजय शर्मा व सांसद संतोष पाण्डेय का आभार व्यक्त किया।

# प्रमुख प्राथमिक शाला कवर्धा में सत्र का पहला न्योता भोज कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



गुरूवार को शहर के हृदय स्थल सिंग्लन चौंक स्थित प्रमुख प्राथमिक शाला कवर्धा में प्रधान पाठक सीडी भट्ट द्वारा अपने माता-पिता के नाम पर विद्यालय के बच्चों को न्योता भोज कराया गया। साथ ही नगर पालिका परिषद कवर्धा के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी द्वारा बच्चों को मिठाई खिला कर कराया गया और सभी कक्षा में जाकर छात्र छात्राओं से पढ़ाई के बारे जानकारी लिए साथ ही विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं को भी बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए अच्छे और गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने पर जोर दिया गया। प्रमुख प्राथमिक शाला कवर्धा में नए सत्र 2024-25 में कवर्धा के दानदाताओं द्वारा लगातार प्रत्येक महीना न्योता भोज कराया गया। न्योता भोज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा बच्चों को पौष्टिक आहार के रूप में मध्यान्ह भोजन के अलावा खीर, पूड़ी, मिठाई, लड्डू फल इत्यादि दानदाताओं की ओर से खिलाए जाने की योजना बनाई गई है। जिससे बच्चों में स्कूल के प्रति लगाव बढ़ता है। प्रमुख प्राथमिक शाला कवर्धा में आज संस्था प्रमुख सीडी भट्ट द्वारा इस सत्र का पहला न्योता भोज कराया गया, जिसमे नगर पालिका परिषद कवर्धा अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, पार्षद हरीश साहू, सभापति दुर्गेश अवस्थी, कार्यकर्ता राकेश साहू एवं लायंस क्लब कवर्धा अध्यक्ष श्रीमाल प्रेमचंद जैन, कोषाध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता, सचिव हरीश गांधी प्रमुख रूप से उपस्थित थें। साथ ही विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थें।

## गोपाल-भावना में शाला प्रवेशोत्सव व न्योता भोज कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गोपाल-भावना संकुल केंद्र नवघटा में शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वहीं कक्षा 6वी में नए शिक्षण सत्र में 22 बच्चों ने प्रवेश लिया है, सभी नव प्रवेशी बच्चों को सरपंच ग्राम पंचायत गोपालभावना प्रतिनिधि कुमार चंद्रवंशी ने फूल-माला पहनाकर, तिलक लगाकर व मुंह मीठा किया गया। स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष खेलूराम साहू द्वारा आर्थिक रूप से सहयोग करते हुए शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गोपाल-भावना में छात्र छात्राओं को न्योता भोज में पूड़ी, सब्जी, केला व मिठाई परोसा गया। साथ ही सरपंच प्रतिनिधि ने नव-प्रवेशी बच्चों स्वागत करते हुए नए शिक्षण सत्र का बधाई प्रेषित की। इस शाला प्रवेश उत्सव में मुख्य रूप से कुमार चंद्रवंशी, खेलूराम साहू, बलराम चंद्रवंशी, केदार चंद्रवंशी संकुल समन्वयक, आसकरण सिंह धुर्वे, रामबिलास पोर्टे प्रधान पाठक, भागवत प्रसाद चंद्रवंशी, अशोक कुमार चंद्रवंशी, राजेश निर्मलकर, शिवबती, चंद्रकली सहित शाला के छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

### प्रतिदिन रात्रिकालीन पुलिस पेट्रोलिंग गस्त करने की अपील की गई

# युवाओं में नशाखोरी के खिलाफ विकास संघर्ष समिति ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरिया

नगर पंचायत पिपरिया शहर लगभग 110 गांवों का केंद्रबिंदु है, इस शहर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपरिया, अस्पताल स्थित है, जिसमें प्रतिदिन लोगों की आवाजाही आए दिन लगी ही रहती है। अभी हाल ही में वहां पर पदस्थ खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद चंद्रवंशी के पास नगर पंचायत पिपरिया, शहर के कुछ पालक गण अपने बच्चों के नशाखोरी की लत से छुटकारा दिलाने के उद्देश्य से आए हुए थे। जिस पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद चंद्रवंशी ने न सिर्फ उनकी समस्या को ध्यानपूर्वक सुना बल्कि उन पालक गण की हर संभव मदद करने का आश्वासन भी प्रदान किया। जब इस बात की सूचना उक्त शहर के लिए नेक कार्य करने वाली समिति यानि पिपरिया विकास संघर्ष समिति को चली तो, उनके द्वारा उक्त शहर में जांच-पड़ताल करने पर उन्हें यह जानकारी मिली कि शहर में अधिकांश युवा नशाखोरी से ग्रसित हो रहे है, उन युवाओं में नशाखोरी के अपराधों पर नियंत्रण लगाने के उद्देश्य से गुरूवार को अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस में थाना नगर पंचायत पिपरिया में थाना प्रभारी के नाम से थाना प्रभारी के किसी आवश्यक काम कारणवश अनुपस्थिति में थाना में उपस्थित पुलिस कर्मी पिपरिया को विकास संघर्ष समिति द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। पिपरिया विकास संघर्ष समिति से मिली जानकारी के अनुसार शहर के अधिकांश युवा नशाखोरी के गिरफ्त में आ गए है, वे युवा शंकर तालाब गार्डन व अन्य जगहों पर भी किसी भी समय में नशाखोरी करते है, उन स्थानों को वे युवा नशे का अड्डा बना लिए है, उनके इन दुष्कृत्यो से शहर में अपराध बढ़ने के आसार है। जिस पर ज्ञापन सौंपकर शहर में हमर रखवार सीसीटीवी कैमरे की समय-समय पर निगरानी करके प्रतिदिन रात्रिकालीन पुलिस पेट्रोलिंग गस्त करने की अपील की गई, जिससे इन नशाखोरी अपराधो मे कमी आ सकें।

## हाई स्कूल राम्हेपुर कला में जनप्रतिनिधियों ने नव-प्रवेशी छात्राओं को तिलक लगाकर शाला प्रवेशोत्सव मनाया




**हरिभूमि बरबसपुर।** बोड़ला विकासखंड अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल राम्हेपुर कला में नए शिक्षा सत्र 2025-26 का शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। शाला प्रवेशोत्सव में अतिथियों द्वारा नवीन छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर, मीठा खिलाकर स्वागत किया गया, तत्पश्चात स्कैनिंग किए गए पाठ्य पुस्तक नवीन छात्र-छात्राओं को प्रदान किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य भागवत बंजारे, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति अध्यक्ष ऋषि मिश्रा, ग्राम पंचायत सरपंच राम्हेपुर श्रीमती पुष्पा मरकाम, उप-सरपंच रमेश यादव उपस्थित थें। विद्यार्थियों के शत-प्रतिशत प्रवेश हेतु प्रेरित किया गया। सभी बच्चे अपने स्वागत होते हुए देखकर प्रसन्नचित रहे, इस अवसर पर अतिथियों द्वारा सभी छात्र छात्राओं को अच्छे से पढ़ने एवं भविष्य सवारने की बातें बताते हुए आशीर्वाद वचन से प्रेरित किया गया। इस दौरान शाला प्रमुख एमआर कोमरे, आरके साहू, प्रतिमा झा, सरिता बखला, सुनीता कौशिक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

## दुर्घटना: तेज रफ्तार कार चालक ने एक के बाद एक मारी दो टक्कर

# भीषण सड़क हादसे में दो महिलाओं की मौत, एक ग्रामीण गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा/पंडरिया

जिले के पंडरिया थाना क्षेत्र से गुजरने वाले राजकीय राजमार्ग पंडरिया-बिलासपुर मार्ग में स्थित ग्राम रेंहुटा के पास शुक्रवार की दोपहर हुए भीषण सड़क हादसे में दो ग्रामीण महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक पुरूष गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है। बताया जाता है कि इन ग्रामीणों को एक तेज रफ्तार कार के चालक ने बेहद तेज रफ्तार तथा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए अपनी चपेट में ले लिया जिससे उनकी मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने कार चालक को दबोच लिया और मृतकों के परिजनो को मुआवजे की मांग तथा आरोपी कार चालक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही किए जाने की मांग को लेकर मृतकों के शवों को सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पंडरिया पुलिस ने मृतकों के शवों को बरामद कर आरोपी कार चालक को हिरासत में ले लिया है वहीं आक्रोशित ग्रामीणों को समझाईश दी जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर करीब 2.30 बजे पंडरिया थाना मुख्यालय से लगे पंडरिया-बिलासपुर मार्ग स्थित ग्राम रेंहुटा निवासी कविता हिरवानी पति रामेश्वर हिरवानी आयु 20 अपने घर से सड़क पार कर गांव के तालाब में नहाने के लिए जा रही थी। बताया जाता है कि इसी दौरान पंडरिया की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार कार क्रमांक यूपी 70 बीएफ 5547 के अज्ञात चालक ने कविता को अपनी चपेट में लेते हुए सीधी टक्कर मार दी। तेज रफ्तार कार की टक्कर इतनी भीषण थी कि कविता की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे अनियंत्रित कार के चालक ने घटना स्थल से चंद कदम की दूरी पर सामने से आ रहे सायकल सवार दुजराम साहू और उसके साथ सायकल में पीछे बैठी उसकी पत्नी धानबाई साहू आयु 21 वर्ष निवासी सूरजपुरा कला को भी अपनी चपेट में ले लिया। जिससे धान बाई की भी मौके पर ही मौत हो गई जबकि सायकल चालक मृतका का पति दुजराम गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के फौरन बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई और ग्रामीणों ने आरोपी कार चालक को दबोच लिया तथा घटना की जानकारी पंडरिया पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शवों को बरामद कर आरोपी कार चालक को हिरासत में ले लिया।

### आक्रोशित ग्रामीणों ने घंटों रखा चक्काजाम




बताया जाता है कि कार चालक की घोरलापरवाही से राह चलती हुई दो महिलाओं की मौत और एक ग्रामीण के घायल होने से ग्रामीणों का आक्रोश भड़क गया और उन्होने मृतकों के शवों को सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया। ग्रामीण मांग करने लगे की मृतकों के परिजनो तत्काल मुआवाजा दिया जाए तथा आरोपी कार चालक के खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही की जाए। इस बीच पुलिस तथा जिला प्रशासन के आला अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को काफी समझाईश दी लेकिन देरशाम तक ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे और चक्काजाम जारी रखा।

### मार्ग में वाहनो की लगी लम्बी कतारे

चौबिसों घंटे आमद रफ्त वाले इस मार्ग में सड़क हादसे के बाद ग्रामीणों द्वारा किए गए चक्काजाम से मार्ग के दोनो और वाहनो की लम्बी कतारें लगा गई। बताया जाता है कि घटना के बाद दोपहर करीब 2.30 बजे से लेकर देरशाम तक चक्काजाम लगा रहा। जिससे मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों व यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। प्रशासन भी देरशाम तक चक्काजाम खुलवाने में नकाम दिखा।



# अस्पताल में स्टाफ की कमी ग्रामीणों ने लगाया उपेक्षा का आरोप

## कोदवागोड़ान की इतनी उपेक्षा आखिर क्यों?

- कलेक्टर द्वारा स्थानांतरण सूची जारी करने के बाद कोदवागोड़ान उप स्वास्थ्य में अब मात्र एएनएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कोदवागोड़ान

वनांचल के केंद्रीय ग्राम कोदवागोड़ान में संचालित उप स्वास्थ्य केंद्र पिछले काफी समय से मात्र 2 महिला कर्मी एक ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक तथा एक एएनएम के भरोसे चल रहा था। जिसे लेकर क्षेत्रवासी लम्बे समय से उप स्थवास्थ्य केन्द्र में पर्याप्त स्टाप की मांग करते आ रहे थे। लेकिन अब जिला कलेक्टर द्वारा जारी स्वास्थ्य कर्मियों की स्थानांतरण सूची के बाद, मांगी थी पतलून, लंगोटी भी छिन गई की तर्ज पर कोदवागोड़ान उप स्वास्थ्य केन्द्र मात्र एक एएनएम के भरोसे रह गया है। बताया जाता है कि यहां पदस्थ पुरुष स्वास्थ्य कर्मी राहुल शर्मा दो वर्ष पूर्व अपनी नियुक्ति के बाद से ही लगातार अनुपस्थित रहने के कारण उसे अन्यंत्र संलग्न कर दिया गया था। कुल मिलाकर यह स्वास्थ्य केंद्र पिछले दो वर्षों से पुरुष कर्मी के बिना ही संचालित हो रहा था। इसी तरह केंद्र में पदस्थ एक अन्य एएनएम को भी विगत दो वर्षों से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छीरपानी में अटैच करके रखा गया है। अब जिला कलेक्टर द्वारा 30 स्वास्थ्य कर्मचारियों की जारी की गई सूची तो और भी हतप्रभ करने वाली है जिसे देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि शासन प्रशासन द्वारा कोदवागोड़ान को जानबूझ कर उपेक्षित किए जाने की मंशा से काम किया जा रहा है। बताना लाजिमी होगा कि जारी की गई स्थानांतरण सूची में यहां वांछित कर्मचारी भेजे जाने के की बजाय उप स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक सहित पुरुष स्वास्थ्य कर्मी राहुल शर्मा को भी अन्यंत्र स्थानांतरित कर दिया गया। इसे प्रशासनिक व्यवस्था का मजाक कहा जाए अथवा दुर्भावना कि अब कोदवागोड़ान जैसे अंचल के प्रमुख माने जाने वाले उप स्वास्थ्य केंद्र को सिर्फ एक महिला एएनएम के भरोसे संचालित किया जाएगा। शासन प्रशासन द्वारा यहां की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर दुर्भावना पूर्ण नीति से ग्रामीणों में पीड़ा के साथ असंतोष भी देखा जा रहा है। यह कैसी व्यवस्था है जिसमें एक संवेदनशील वनांचल स्थित महत्वपूर्ण स्वास्थ्य केंद्र में पर्याप्त कर्मियों की बजाय इस तरह शर्मनाक स्थिति बना दी गई है। इससे बेहतर तो ये होगा कि इस स्वास्थ्य केंद्र को ही बंद कर दिया जाए और किसी अपनी पसंद की जगह स्थांतरित कर दिया जाय। कम से कम अंचलवासियों को यहां स्वास्थ्य केंद्र होने का भ्रम तो नहीं रहेगा।

### खबर संक्षेप

#### परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**कवर्धा।** जवाहर नवोदय विद्यालय द्वारा सत्र 2026-27 के लिए चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। निःशुल्क ऑनलाईन आवेदन फार्म भरने की अंतिम 29 जुलाई निर्धारित है। परीक्षा तिथि 13 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। परीक्षा कबीरधाम जिले के अंतर्गत स्थित सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाएगी। प्रचार्य नंदकिशोर लांजेवार ने बताया कि अभ्यर्थी कबीरधाम जिले का निवासी होना चाहिए। अभ्यर्थी की जन्मतिथि 01 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के मध्य होनी चाहिए।

## 48 पौवा देशी प्लेन मदिरा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पिपरिया



पिपरिया पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ एक बड़ी कार्यवाही करते हुए 48 पौवा अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से शराब तस्करी में प्रयुक्त मोटर सायकल भी बरामद की गई है। पुलिस ने गिरफ्त में आए आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पिपरिया पुलिस को मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के बरगद पेड़ के पास बड़े पुल पिपरिया क्षेत्र में एक व्यक्ति मोटरसायकल में अवैध शराब लेकर परिवहन कर रहा है। इस सूचना पर पिपरिया थाना प्रभारी अमित कश्यप के नेतृत्व में तत्काल एक टीम गठितम कर मौके पर रवाना किया गया और आरोपी श्रवण चेलक पिता दशरथ चेलक आयु 32 वर्ष निवासी रबेली थाना पिपरिया को दबोच लिया गया। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी के पास से एक सफेद, काला, पीला, हरे रंग की प्लास्टिक बोरी में रखी 48 नग देशी प्लेन मदिरा की बोतल, प्रत्येक बोतल में मरीब 180 एमएल देशी शराब जप्त कर ली। जिसकी कुल मात्रा 8.640 बल्क लीटर तथा कीमत 3840 रुपए आंकी गई।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से शराब तस्करी में प्रयुक्त मोटर सायकल क्रमांक क्रमांक सीजी 09 जेआर 8513 को भी जप्त कर लिया। आरोपी के विरूद्ध थाना पिपरिया में धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत विधिवत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

इस कार्यवाही में थाना पिपरिया के सहायक उप निरीक्षक डोमन बंजारे, प्रधान आरक्षक जगतु कोसले, आरक्षक भुवनेश्वर योगी, सुल्तान किशन कौशिक, हेमंत शर्मा एवं तोरण कश्यप का सराहनीय योगदान रहा।

# मनरेगा कर्मचारियों को चार माह से लंबित वेतन भुगतान की मांग

- मो. कलीम ने सरकार पर लगाया मनरेगा कर्मचारियों की उपेक्षा का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा



भाजपा शासन की उपेक्षा पूर्ण नीति के चलते प्रदेश सहित जिले में कार्यरत मनेगा के कर्मचारियों की स्थिति बेहद दयनीय और चिंताजन हो गई है। आलम ये है कि इन मनरेगा कर्मचारियों को बीते चार माह से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। जिसके कारण कर्मचारी गंभीर आर्थिक संकट से जूट रहे हैं। जबकि इस संबंध में कर्मचारियों द्वारा लगातार शासन-प्रशासन से वेतन भुगतान की गुहार लगाई जा रही है लेकिन सरकार के कान में जूं तक नहीं रेंग रही है। उक्त बातें पूर्व राज्य परिषद सदस्य राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, छत्तीसगढ़ शासन एवं महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी, कबीरधाम मो. कलीम ने जारी बयान में कहीं। उन्होने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में कार्यरत करीब 12 हजार से अधिक और कबीरधाम जिले में कार्यरत करीब 550 मनरेगा कर्मचारियों को पिछले चार माह से वेतन नहीं मिला है। इन कर्मचारियों का माह मार्च 2025 से जून 2025 तक का वेतन अभी तक लंबित है, जिससे कर्मचारियों में भारी नाराजगी है व असंतोष व्याप्त है। मो. कलीम ने बताया कि कर्मचारियों को बीते चार माह से वेतन नहीं मिलने के कारण उनके तथा उनके परिजनो के सामने गंभीर आर्थिक संकट गहरा गया है। नए शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के साथ ही इन कर्मचारियों का भी खर्च बढ़ गया है। कई कर्मी दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में कार्य कर रहे हैं, जिसके आवागमन का खर्च उन्हें खुद ही वहन करना पड़ रहा है। लगातार वेतन न मिलने से रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना इनके लिए मुश्किल हो गया है। जबकि देखा जाए तो मनरेगा कर्मियों की भूमिका केवल ग्रामीणों को रोजगार देने तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन, पीएम जनमन और अन्य पंचायत स्तरीय योजनाओं के सफल संचालन में भी इनकी अहम भूमिका है। बावजूद इसके भाजपा की असंवेदनशील सरकार इन कर्मचारियों का बीते चार माह से वेतन रोकर बैठी है। मो. कलीम ने शासन प्रशासन से मनेगा के कर्मचारियों का लंबित चार माह का एक मुस्त तत्काल वेतन भुगतान किए जाने तथा आगामी माह से नियमित रूप से वेतन भुगतान किए जाने की मांग की है।

## सीनियर सिटीजन समिति ने सुरेंद्र दुबे को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा



छत्तीसगढ़ के महान छत्तीसगढ़िया कवि, छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र, देश-विदेश में छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ी व छत्तीसगढ़िया को साहित्य जगत में अमिट पहचान दिलाने वाले भारतीय नागरिक पुरस्कार पद्म श्री से सम्मानित साहित्यकार व हंसी-ठिठोली के साथ सबके दिलो को गुदगुदाने वाले डॉ. सुरेंद्र दुबे के आकस्मिक निधन पर सीनियर सिटीजन समिति कबीरधाम के पदाधिकारियों व वरिष्ठ सदस्यों ने गहरा दुख प्रकट करते हुए स्थानीय सियान सदन में शोक सभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कवर्धा में डॉ. सुरेन्द्र दुबे के हमशक्ल कहे जाने वाले समिति के सचिव चन्द्रहास ठाकुर द्वारा श्रद्धांजलि सभा को द्रवित मन से संबोधित करते हुए पड़ोसी जिला बेमेतरा के महान कवि श्री दुबे से जुड़ी बातों को साझा किया गया। उन्होने कहा कि डॉ. सुरेन्द्र दुबे काका हाथरसी हास्य रत्न पुरस्कार से सम्मानित ख्यातिलब्ध, बहुमुखी प्रतिभा सम्मान पेशे से आयुर्वेद चिकित्सक व व्यंग्यवादी कविताओं के साथ उत्कृष्ट लेखक, देश-विदेशों के अनेक मंचो व टेलीविजन शो पर ठहाके परोसने वाले बेताज बादशाह थे। शोक सभा में अध्यक्ष मदन तंबोली, इंजीनियर एसएस जैन, प्रभाकर शुक्ला, आरडी यदु, पंकज सिंह ठाकुर, नरेन्द्र चन्द्रा, सुरेन्द्र नवीन, नरेन्द्र शर्मा, कन्हैया लाल गुप्ता, शुशील चंदेल, रामशरण चन्द्रवंशी एवं सतीश यदु उपस्थित थे।

### जब सम्मान में बच्चे को दिया डॉक्टर का नाम



**कवर्धा।** अत्यंत गंभीर स्थिति में जिला अस्पताल लाए गए एक नवजात शिशु की अस्पताल चिकित्सकों ने बेहतर उपचार कर जान बचाने में सफलता हांसिल की है। जिला चिकित्सालय के चिकित्सक और उनकी टीम की इस शानदार सफलता, उपचार व सेवा भाव से गदगद नवजात शिशु के माता-पिता ने अपने बच्चे का नाम ही बच्चे का ईलाज करने वाले चिकित्सक नवनीत ठाकुर के नाम पर नवनीत साहू रखकर चिकित्सक के प्रति सम्मान व्यक्त किया है। दरअसल कबीरधाम जिले के लोहारा विकासखंड अंतर्गत ग्राम के निवासी खिलेंद्र साहू एवं तुलेश्वरी साहू के घर हाल ही में एक नवजात शिशु का जन्म हुआ। जन्म के समय शिशु की हालत बेहद गंभीर थी, क्योंकि शिशु ने प्रसव के दौरान गंदा पानी निगल लिया था।

पृष्ठ 3 का शेष

#### महिला की नृशंस...

देखा कि मोहिनी खून से लथपथ घर के कमरे में गिरी थी। उनकी चीख सुनकर आसपास के लोग पहुंचे। जिसके बाद आनन-फानन में पुलिस को सूचना मिली। एएसपी नीतेश गौतम, टीआई अनिल शर्मा दल-बल साथ वहां पहुंचे और प्रारंभिक विवेचना के बाद देर रात शव को पीएम के लिए खैरागढ़ रवाना किया। आज सुबह पंचनामा कार्रवाई करने के बाद शव खैरबना पहुंची, जहां मोहिनी साहू का दोपहर को अंतिम संस्कार हुआ।

### कलेक्टर ने जारी किए निर्देश

**कवर्धा।** दिव्यांगजनों के प्रति सम्मानजनक और संवेदनशील भाषा का प्रयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर गोपाल वर्मा ने समाज कल्याण विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर, नवा रायपुर द्वारा जारी निर्देशों के क्रियान्वयन के संबंध में जिले के समस्त विभाग प्रमुखों को निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय तथा दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, नई दिल्ली के परिपत्र के तहत अब किसी भी शासकीय दस्तावेज, पत्राचार, प्रचार-प्रसार सामग्री अथवा संवाद में विकलांग, दिव्यांगता, गूंगे-बहरे जैसे असंवेदनशील और अपमानजनक शब्दों का प्रयोग नहीं किया जाएगा। इनके स्थान पर केवल दिव्यांगजन शब्द का ही प्रयोग किया जाना अनिवार्य किया गया है। यह निर्देश शासकीय सम्मान, गरिमा एवं समानता के भाव को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया है।

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

## नगर के विभिन्न मंदिरों ने भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकालकर की गई विधि विधान से पूजा अर्चना

# अंचल में धूमधाम से निकली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा, भक्ति में झूमे भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा



रथ द्वितीया के अवसर पर शुक्रवार को नगर के विभिन्न मंदिरों से भगवान जगन्नाथ, भैया बलभद्र और बहन सुभद्रा जी की प्रतिमा को सुसज्जित रथों में स्थापित कर भव्य एवं आकर्षक रथयात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई। रथयात्रा दोपहर 3.30 बजे राधाकृष्ण मंदिर से निकली। नगर के प्रमुख मंदिरों के रथ स्थानीय करपात्री चौक से अखाड़े, बाजीगरी, बाजे-गाजे व भजन मंडली की अगुवाई में कतारबद्घ चलते हुए अनुपम व मनमोहक छटा बिखेरते नगर के शीतला मंदिर चौक, ऋषभ देव चौक, महावीर स्वामी चौक, नगरपालिका चौक, जय स्तम्भ चौक तथा राजमहल चौक होते हुए मोती महल पहुंचे। जहां राज परिवार ने रथ में स्थापित भगवान जगन्नाथ, भैया बलभद्र और बहन सुभद्रा जी की विधि विधान से पूजा अर्चना की। नगर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रथ द्वितीया का पर्व श्रृद्धा-भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर के विभिन्न मंदिरों के रथों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। स्थानीय राधाकृष्ण मंदिर से आधा दर्जन रथों के पीछे सैकड़ों की संख्या में श्रद्घालु चल रहे थे। रथ यात्रा के आगे बाजीगरों की टोली हैरतअंगेज करतब दिखाकर लोगों को दांतों तले उंगलिया दबाने मजबूर कर रही थी। इस रथयात्रा में राधाकृष्ण बड़े मंदिर, मेकरी मंदिर, राम मंदिर, मठ मंदिर सहित नगर के कई मंदिरों से रथ में भगवान जगन्नाथ, भैया बलभद्र और बहन सुभद्रा जी की प्रतिमा विराजित करने पश्चात रथयात्रा निकाली गई। रथयात्रा में करपात्री पार्क के पास सभी मंदिरों से निकलने वाले रथ कतारबद्घ हुए और रथयात्रा नगर भ्रमण हेतु आगे बढ़ी। भक्तों द्वारा चौक-चौराहों में पूजन आरती व मंदिर समितियों द्वारा मिश्री, मूंगदाल एवं तुलसीदल का प्रसाद गजामूंग वितरित किया गया। ऐसा माना जाता है कि, गजामूंग का यह प्रसाद, महाप्रसाद की भांती फलदायी होता है। इसे सामाजिक परिवेश में लोग एक दूसरे को खिलाकर मैत्री संबंधों में प्रगाड़ता लाते हैं। इसी प्रकार अंचल के नगर पंचायत पिपरिया, बोड़ला, पाण्डातराई, सहसपुर लोहारा, पंडरिया में भी भगतवान जगन्नाथ की रथ यात्रा हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से निकाली गई।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
11 यात्री बुकिंग पर एक यात्री फ्री
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल)
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
14 जुलाई, 14 अगस्त, 4 सितंबर, 15 सितंबर, 22 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर 2025
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411